卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐 卐 जय बाबा की 卐 卐 श्याम बाबा 卐 ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 140 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦24 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया पर रोक लगाने से किया इनकार

नई दिल्ली( उद ब्यूरो)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अदाणी-हिंडनबर्ग मामले पर मीडिया को रिपोर्टिंग करने से रोकने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी, जब तक कि अदालत अपना आदेश नहीं सुनाती। शीर्ष अदालत ने 20 फरवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च के धोखाधड़ी के आरोपों से उत्पन्न अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट पर जनहित याचिकाओं के एक बैच पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले का उल्लेख करने वाले अधिवक्ता एम एल शर्मा की याचिका को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, हम मीडिया के लिए कोई निषेधाज्ञा जारी नहीं करने जा रहे हैं। बेंच में जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने सोमवार को याचिकाकर्ताओं में से एक के सुझाव और जनहित याचिकाओं के एक बैच में फोर्ब्स द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लेने से इनकार कर दिया था। अदालत ने 17 फरवरी को शेयर बाजार के लिए नियामक उपायों को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञों के एक प्रस्तावित पैनल पर केंद्र के सुझाव को सीलबंद लिफाफे में स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा था, हम आपके सीलबंद लिफाफे में दिए (शेष पृष्ठ सात पर)



## डाक पार्सल वाहन में पकड़ी लाखों की शराब

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शराब तस्कर पुलिस को चकमा देने के लिए आए दिन नई नई तरकीब निकलते रहते हैं। परंतु चौकस पुलिस की आंखों से बचकर निकलना उनके लिए काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है शराब तस्करों ने इस बार शराब तस्करी के लिए डाक पार्सल वाहन का उपयोग किया। परंतु वह फिर भी पुलिस की आंखों से बच नहीं पाए। पुलिस ने वहां को रोककर उसमे रखी लाखों रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एस एस पी ने बताया कि चेकिंग के दौरान एस आई मनोज कुमार के साथ पुलिस ने खेड़ा चौराहे के पास संदेह होने पर डाक पार्सल वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमे 62 पेटियों में 1202 बोतल अंग्रेजी शराब की बरामद हुई।चालक ने अपना नाम पता सुनील पुत्र जगदीश निवासी बरहना बैरी जिला झज्जर हरियाणा बताया। (शेष पृष्ठ सात पर)



## विवाह समारोह में भिड़े बाराती और घराती, दुल्हा समेत तीन गिरफ्तार

हरिद्वार( उद संवाददाता)। यहां उत्तरी हरिद्वार के खड़खड़ी क्षेत्र में दूल्हा व दुल्हन पक्ष में मारपीट हो गई। रात में मामला किसी तरह शांत करा दिया। लेकिन बारात वापसी पर दोनों पक्ष फिर से भिड़ गए। इस बीच दूल्हा भी झगड़े में कूद पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूल्हा सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर हवालात में डाल दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात हरिद्वार जिले के हिलबाईपास निवासी प्रिंस यादव की बारात भीमगोड़ा आई थी। इस दौरान दूल्हा व दुल्हन पक्ष के युवकों में झगड़ा हो गया। गाली-गलौच होने पर मारपीट भी हुई। शादी में आए मेहमानों और जिम्मेदार व्यक्तियों ने दोनों पक्षों को शांत करा दिया। लेकिन दोनों पक्ष के युवकों में तनातनी खत्म नहीं हुई। जहां बारात वापसी पर वह फिर से भिड़ गए। इस बीच दूल्हा भी झगड़े में कूद पड़ा। सूचना पर खड़खड़ी चौकी से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और विपिन यादव व हर्ष गोस्वामी सहित दूल्हा प्रिंस को भी पकड़कर कोतवाली ले आई। एसएसआइ अनिल चौहान ने बताया कि तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार की सुबह शांतिभंग में उनका चालान कर तीनों को कोर्ट में पेश किया गया। दूल्हे प्रिंस समेत तीनों को रात हवालात में गुजारनी पड़ी।

## सीएम ने पैदल भ्रमण कर विकास कार्यों का लिया फीडबैक

चंपावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने चंपावत भ्रमण के दौरान शुक्रवार सुबह मॉर्निंग आमजन की समस्याओं को भी जाना। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने जिला भ्रमण के दौरान सुबह सैर पर जरूर पर खूब छाई रही। इसी क्रम में आज शुक्रवार को वह अपने चंपावत भ्रमण के दौरान प्रातः सैर पर निकले। सर्किट साथ नित्यानंद जोशी और अन्य लोगों से बात करते हुए उनका हाल चाल जाना। इस दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं,







वॉक पर निकले। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों से बातचीत कर विकास कार्यों को लेकर फीडबैक लिया। साथ ही निकलते हैं। रुद्रप्रयाग, पौड़ी, देहरादून आदि जगहों पर पिछले दिनों उनकी मॉर्निंग वॉक की तस्वीरें सोशल मीडिया हाउस से निकलते हुए ब्लॉक रोड स्थित नित्यानंद जोशी की चाय की दुकान पर सीएम पहुंचे। फिर चाय की चुस्की के कार्यक्रमों और विकास कार्यों पर चर्चा की। इसी दौरान सीएम ने यहां बच्चों से भी बातचीत की (शेष पृष्ठ सात पर)

## आपत्तिजनक पोस्ट से भड़के हिंदुवादी संगठन

### स्मृति नेगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

WALK & INTERVIEW
Time: 10:00 am | Date 27-02-2023
TATA MOTORS
आवश्यकता है (उ0सि0 नगर के लिये) सेल्स एक्सीक्यूटिव की, दो पहिया वाहन व स्मार्ट फोन अनिवार्य है।
-: सम्पर्क करें :-
SONY AUTO WHEELS
SCV Commercial Vehicle Dealer
Kashipur (Parmanandpur) 81, NH 74, U.S. Nagar (Uttarakhand) 244713
Mob.: 7302259982 8077588443, 8957891018

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसपी सिटी मनोज कत्याल एवं कोतवाली में एसएसआई कमल हसन से मिलकर स्मृति नेगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि गत 15 फरवरी को एक महिला ने अपने यूट्यूब चौनल अकाउंट से एक वीडियो अपलोड किया। जिसमें हिंदू धर्म के आराध्य प्रभु श्री राम के नाम को लेकर आपत्तिजनक शब्द कहे हैं तथा सनातन व शौर्य के प्रतीक भगवा ध्वज को आतंकवाद से जोड़कर भगवा आतंकवाद जैसे शब्दों का उच्चारण किया गया। महिला द्वारा श्री राम व ध्वज भगवा को लेकर अनर्गल बातें कहीं। जिससे समस्त हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। वीडियो में कही गई बाते समाज में वैमनस्य की भावनाएं, विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा पैदा करने के इरादे से (शेष पृष्ठ सात पर)



## गोमांस की सूचना पर पुलिस ने मारा छापा, चर्बी बरामद

गदरपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि गोवंश की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने नगर के वार्ड टंकी वाली रोड पर छापा मारा । पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि शंकर झा भी मौके पर पहुंचे । पुलिस ने मौके पर जानवर की चर्बी के 2 ड्रम बरामद किए और पुलिस की मौजूदगी में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि शंकर झा ने चर्बी के सैंपल लिए। पुलिस ने पूछताछ के लिए 2 लोगों को हिरासत में लिया। अचानक से पुलिस के पहुंचने पर लोगों में हड़कंप मच गया और सैकड़ों की तादाद में भीड़ इकट्ठा हो गई वहीं योगी सेना सहित शहर के गणमान्य लोग पहुंचे मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस उप निरीक्षक ओमप्रकाश और चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि मौके से मांस तो बरामद नहीं हुआ वही बरामद चर्बी और अवशेषों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। उनका कहना था कि जिस मकान से चर्बी के दो ड्रम बरामद किए गए मकान मालिक के पास जानवर काटने का लाइसेंस तो था परंतु जिस जगह का चिन्हित लाइसेंस था उसकी जगह वह अपने घर पर ही यह कार्य कर रहा था देर रात पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उल्लेखनीय हो कि पिछले कुछ दिनों में गौ मांस मिलने की कई घटनाएं सामने आई हैं जिसमें महतोष के बाद बीते (शेष पृष्ठ सात पर)

## फायरिंग के मामले में सपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी मोड़ पर स्थित किराना दुकान पर सामान लेने गये युवक पर फायर करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर सपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज रपट में अलीम पुत्र इरशाद निवासी सम्बलहेड़ा मुजफरनगर हाल निवासी भूरारानी रोड ने कहा है कि वह पीजी कालेज रूद्रपुर में रहकर पढाई करता हैं। 23 फरवरी को वह व उसके दोस्त पढाई कर रहे थे। मध्य रात्रि भूख लगी तो वह अपने दो दोस्त शिवम सिंह तथा गुलशेद अली के साथ कुछ खाने के लिए बाहर मोड पर गया। जहां सपा नेता सतपाल सिंह की किराना स्टोर की दुकान खुली हुई थी। दुकान पर चाय पकौडे भी थे । अलीम का कहना है दुकानदार से उसने बिस्कुट चिप्स का पैकिट मांगा। लेकिन उसने दुकान के काउन्टर में से माउजर निकाल कर सीधे उसके ऊपर फायर कर दिया। तुरंत नीचे बैठ जाने की वजह से बच गया। इसके बाद वह व उसके दोस्त बडी मुश्किल से जान बचाकर भागे। सतपाल सिंह द्वारा गोली से जान से मारने कि कोशिश की गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## पुलिस को चकमा देकर कस्टडी से फरार हुआ चोर

हरिद्वार( उद संवाददाता)। कनखल के मंदिर में चांदी का छत्र व कीमती सामान चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया गया एक आरोपित पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस टीमें आरोपित की तलाश में जुटी हुई हैं। जानकारी के मुताबिक, तीन दिन पहले कनखल थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध दरिद्र भंजन महादेव में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसमें चोर मंदिर में लगा टीवी, शंकर भगवान का चांदी का छत्र सहित सहित काफी सामान चुरा ले गए थे। जिसमें कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चंद घंटों के भीतर ही आरोपित रवि सरदार और उसके भाई चवन्नी निवासीगण कनखल को गिरफ्तार कर उनसे चोरी का सामान बरामद कर लिया था। शुक्रवार सुबह दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाना था। चवन्नी ने शौचालय जाने की बात कही। जिसके बाद थाने में तैनात मुंशी जसवंत उसे लेकर शौचालय गया। काफी देर तक चवन्नी शौचालय से बाहर नहीं आया तो जसवंत को शक हुआ। जाकर देखने पर शौचालय खाली मिला। चवन्नी शौचालय के (शेष पृष्ठ सात पर)

## विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में ससुरालियों पर हत्या का केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस जगतपुरा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मृतका के भाई ने उसके ससुरालियों के विरूद्ध दहेज हत्या की रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में कमल थापा पुत्र स्व. चन्दन सिंह थापा निवासी मल्ला गोरखपुर नैनीताल रोड बजकुंज थाना भोटिया पड़ाव हल्द्वानी ने कहा है कि उसने अपनी छोटी बहन प्रियंका थापा की शादी संजय बुराठी पुत्र जगदीश बुराठी निवासी हाल गली नंबर तीन जगतपुरा अटरिया मोड रूद्रपुर स्थाई निवासी ग्राम खटोली वल्ली तहसील चम्पावत के साथ 30 नवम्बर 21के साथ की थी। विवाह में हैसियत के अनुसार दान उपहार देकर विदा किया। लेकिन बहन के ससुराल वाले दान दहेज से खुश नही थे और उसकी बहन का पति संजय बुराठी, उसका भाई मुकेश व बहन उमा द्वारा प्रताडित करने व जान से मारने की धमकी देकर 3 लाख रूपये नगद व एक स्कूटी (शेष पृष्ठ सात पर)

# रामनगर में आयोजित होगा जी-20 का पहला सम्मेलन

## केंद्र ने उत्तराखंड में जी-20 सम्मेलन की तीन बैठकों की मेजबानी सौंपी,शासन ने आयुक्त कुमाऊं और जिलाधिकारी नैनीताल व ऊधमसिंह नगर को बैठक की तैयारियां करने के निर्देश दिए

देहरादून(उद संवाददाता)। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में अब दो के स्थान पर जी-20 सम्मेलन की तीन बैठकों की मेजबानी सौंप दी है। इसकी पहली बैठक 26 से 28 मार्च को नैनीताल जिले के अंतर्गत रामनगर में होगी। इस बैठक में अमेरिका व जापान समेत विभिन्न देशों के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार हिस्सा लेंगे। शासन ने आयुक्त कुमाऊं और जिलाधिकारी नैनीताल व ऊधमसिंह नगर को पत्र लिखकर बैठक की तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड को केंद्र सरकार ने पहले जी-20 सम्मेलन के अंतर्गत दो बैठकों की मेजबानी सौंपी थी। ये बैठकें नरेंद्र नगर में 25 से 27 मई और फिर 26 से 28 जून के बीच होनी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र से अनुरोध किया था कि दो बैठकों में से एक बैठक का जिम्मा कुमाऊ मंडल को भी दिया जाए। इन दो बैठकों की तैयारियां काफी हद तक पूरी हो चुकी हैं। इस कारण केंद्र ने उत्तराखंड को जी-20 की तीसरी बैठक की जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार अजय के सूद ने इस संबंध में मुख्य सचिव डा एसएस संधु को पत्र लिखकर उत्तराखंड को तीसरी बैठक जी-20 सीएसएआर (चीफ साइंस एडवाजर्स राउंड टेबल) दिए जाने के संबंध में सूचना दी है। इस पत्र में बताया गया है कि बैठक में 75 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि और देश के 25 प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद हैं। अमेरिका और जापान से बैठक में भाग लेने की पुष्टि कर दी गई है। केंद्र से मिले पत्र के बाद सचिव सामान्य प्रशासन बीके सुमन ने आयुक्त कुमाऊं और जिलाधिकारी नैनीताल व ऊधम सिंह नगर को बैठक की संपूर्ण व्यवस्था करते हुए इसकी सूचना अविलंब शासन को सौंपने के निर्देश दिए हैं।

# गौला समेत चार नदियों की वन स्वीकृति पांच साल बढ़ी

देहरादून(उद संवाददाता)। केंद्र सरकार ने कुमाऊं मंडल की चार नदियों गौला, शारदा, दाबका एवं कोसी की वन स्वीकृतियां आगामी पांच वर्षों के लिए नवीनीकृत कर दी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाल ही में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर इन वन स्वीकृतियों को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वीकृति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव का आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गत 18 फरवरी को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से नई दिल्ली में मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा था कि पर्वतीय नदियों में मानसून में जमा उप खनिज (आरबीएम) को बाढ़ नियंत्रण एवं नदी किनारों पर स्थित वन एवं कृषि भूमि की सुरक्षा के साथ ही आपदा प्रबंधन के निवाराणात्मक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हटाना आवश्यक है। उप खनिज को हटाने की आवश्यकता आमजन, विशेष रूप से किसानों के नदी तटीय अधिकारों का संरक्षण करने के लिए भी है। अभी मिली वन स्वीकृति 28 फरवरी को समाप्त हो रही हैं। ये स्वीकृतियां नवीनीकृत न होने के कारण नदियों से उपखनिज हटाने में काफी परेशानी होगी। गुरुवार को केंद्र ने मुख्यमंत्री के इस अनुरोध के बाद वन स्वीकृतियों को पांच वर्ष के लिए नवीनीकृत कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इन नदियों से आरबीएम की उपलब्धता, सिविल निर्माण कार्यों, धार्मिक व सामरिक रूप से आवश्यक सड़क और रेल नेटवर्क के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भी जरूरी है। इससे लगभग 50 हजार स्थानीय व प्रवासी श्रमिकों को भी रोजगार उपलब्ध होगा।

# बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर में मोबाईल ले जाने पर रोक लगा सकती है मंदिर समिति

## मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद समिति एसओपी जारी करेगी

देहरादून(उद संवाददाता)। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिरों में दर्शन के दौरान मोबाईल फोन ले जाने पर रोक लग सकती है। मंदिर समिति इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर रही है। तिरुपति बालाजी, वैष्णो देवी, महाकाल और सोमनाथ मंदिर के प्रबंधन और व्यवस्था का अध्ययन करके लौटी समिति की टीम ने यह सुझाव दिया है। टीम ने रिपोर्ट मंदिर समिति को सौंप दी है। रिपोर्ट का प्रस्तुतिकरण भी हो चुका है। मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद समिति मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करेगी। समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने इसकी पुष्टि की है। उनके मुताबिक, पिछले साल यात्रा के दौरान बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिर में यू-ट्यूबर और ब्लागर्स की वजह से कई तरह की दिक्कतें पेश आईं। अध्ययन करके लौटी टीम की रिपोर्ट है कि देश के चारों प्रमुख मंदिरों में फोन ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। अध्ययन टीम ने यह भी बताया है कि देश के विख्यात मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड है। मंदिर समिति का भी यह विचार है कि यहां आने वाले श्रद्धालु भी गरिमामय में परिधान में दर्शन करें। बता दें कि परिधान को लेकर एक बार विवाद भी हो चुका है। बदरी-केदार मंदिर समिति चढ़ावे में दान राशि की गिनती की पारदर्शी व्यवस्था बनाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। अजेंद्र के मुताबिक, सभी प्रमुख मंदिरों में ड्रेस कोड की व्यवस्था है। बगैर जेब वाले परिधान के साथ ही दान राशि की गिनती करने वाले कर्मचारियों को किसी भी तरह के आभूषण पहनने की मनाही है। लेकिन ठंडे मौसम के चलते बगैर जेब वाले परिधान की व्यवस्था यहां संभव नहीं है। इसलिए एक ऐसी पारदर्शी व्यवस्था बनाने पर विचार हो रहा है, जो पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरे की नजर में होगी। इसके लिए सरकारी अधिकारी को नियमित रूप से तैनात किया जाएगा। मंदिर समिति के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए भी अलग से वर्दी पर विचार हो रहा है। मंदिर समिति पुजारियों व कर्मचारियों पर मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं से दान-दक्षिणा लेने पर रोक लगा सकती है। अध्ययन टीम ने यह जानकारी दी है कि चारों प्रमुख मंदिरों में मंदिर प्रबंधन से जुड़े कर्मचारियों व पुजारियों पर दान दक्षिणा लेने पर सख्त रोक है। पिछली बार यात्रा के दौरान मंदिर समिति को श्रद्धालुओं से 65 करोड़ रुपये का चढ़ावा प्राप्त हुआ। पारदर्शी व्यवस्था से श्रद्धालु दान पात्रों में चढ़ावा दे सकेंगे। इससे मंदिर समिति की आय में वृद्धि हो सकेगी।

# केदारनाथ धाम के पैदल मार्ग पर बर्फ काटकर बनाया जा रहा रास्ता

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानियां न हो इसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इन दिनों पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य जोरों पर किया जा रहा है। सुलभ इंटरनेशल ने सोनप्रयाग और गौरीकुंड में शौचालयों का निर्माण शुरू कर दिया है। यहां अलग-अलग स्थानों पर कुल 60 शौचालय बनाए जा रहे हैं। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर छोटी लिनचोली से बड़ी लिनचोली के कुबरे और हथनी गदेरा में पसरे हिमखंडों को काटकर रास्ता बनाया जा रहा है। यहां 10 से 15 फीट लंबे और छह फीट तक ऊंचे हिमखंड हैं जिन्हें काटने में एक सप्ताह से अधिक समय लग सकता है। रास्ता दुरुस्त होते ही घोड़ा-खच्चरों से केदारनाथ तक जरूरी सामग्री की सप्लाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि डीडीएमए से बर्फ सफाई के कार्य की प्रतिदिन रिपोर्ट ली जा रही है। कार्यदायी संस्था की ओर



से 25 से अधिक मजबूर लगाए गए हैं। बृहस्पतिवार को मजदूरों ने कुबेर व हथनी गदेरा में पसरे हिमखंड को काटने का काम शुरू किया। यहां पर चार फीट चौड़ाई में बर्फ काटी जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में घोड़ा-खच्चर व पैदल आवाजाही में कोई दिक्कत न हो। जिला आपदा प्रबंधन-प्राधिकरण के अवर अभियंता सुरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि एक सप्ताह में दोनों हिमखंड को काटकर रास्ता तैयार कर दिया जाएगा। बता दें कि इस वर्ष केदारनाथ की यात्रा 25 अप्रैल से 15 नवंबर तक 205 दिन (साढ़े छह माह से अधिक) संचालित होगी। इससे पूर्व वर्ष 2020 में यात्रा 202 दिन तक चली थी। कोरोना संक्रमण के चलते इस दौरान सिर्फ 2 लाख 42 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर पाए थे। 16/17 जून 2013 की आपदा ने केदारनाथ का भूगोल बदलकर रख दिया था। राहत व बचाव कार्य के उपरांत लगभग ढाई माह बाद 11 सितंबर 2013 को केदारनाथ में पुन: पूजा-अर्चना शुरू हुई। इसके बाद वर्ष 2014 को यात्रा तो चली। आपदा का खौफ यात्रियों के मन में बना रहा और पूरे यात्राकाल में 48 हजार श्रद्धालु पहुंच सके। लेकिन वर्ष 2015 से केदारनाथ की यात्रा पटरी पर लौट आई। इसके बाद, प्रतिवर्ष यात्रा ने नए आयाम स्थापित किए हैं।

# बदरी-केदार के लिए 84 हजार यात्रियों ने किया रजिस्ट्रेशन

देहरादून। तीन दिन में केदारनाथ व बदरीनाथ धाम के लिए 84 हजार से अधिक तीर्थयात्री पंजीकरण करा चुके हैं। बृहस्पतिवार को लगभग 20 हजार लोगों ने पंजीकरण कराया है। अभी तक केदारनाथ के लिए 46225 और बदरीनाथ के लिए 37841 पंजीकरण हो चुके हैं। पर्यटन विभाग के उप निदेशक योगेंद्र गंगवार ने बताया कि यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि का एलान होने पर पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। 20 मार्च के बाद यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के लिए पंजीकरण शुरू हो सकता है। नवरात्रों में मंदिर समितियों की ओर से गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित की जाएगी। इसके बाद ही पर्यटन विभाग दोनों धामों के लिए पंजीकरण शुरू करेगा। पर्यटन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सरकार ने इस साल ऑनलाइन पंजीकरण व टोकन की व्यवस्था अनिवार्य कर दी है। जिसके तहत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल शुरू किया गया है। लेकिन अभी इस पर बदरीनाथ व केदारनाथ धाम के लिए ही पंजीकरण किए जा सकते हैं। पोर्टल पर गंगोत्री व यमुनोत्री धाम का विकल्प नहीं मिलने से श्रद्धालुओं में असमंजस का माहौल बना हुआ था। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे का कहना है कि परंपरा के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन दोनों धामों के कपाट खुलने हैं। लेकिन इसके मुहूर्त की घोषणा नहीं हुई है। जैसे ही दोनों धामों के लिए कपाट खुलने का समय तय कर दिया जाएगा उसी के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण भी शुरू किए जाएंगे। इस बार चारधाम यात्रा की शुरुआत 22 अप्रैल से होगी। केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल, बदरीनाथ के 27 अप्रैल को खुलेंगे। जबकि परंपरा के अनुसार 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे। इस बार चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिए चार तरह से पंजीकरण की व्यवस्था की गई है जिसमें ऑनलाइन पंजीकरण, ऐप के माध्यम से पंजीकरण, ऑन कॉल पंजीकरण और व्हाट्सएप के माध्यम से पंजीकरण करवाया जा सकता है। आज से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गए हैं। पर्यटन विभाग का पोर्टल सुबह सात बजे खुला रहेगा। चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु पर्यटन विभाग की वेबसाइट registrationand tourist care-uk-gov-in या व्हाट्सअप नंबर 8394833833 या टोल फ्री नंबर 1364 के जरिये भी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# एई जेई पेपर लीक में तीन और आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की सहायक अभियंता (एई) और अवर अभियंता (जेई) की भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में फरार 50 हजार रुपये के इनामी और एक अभ्यर्थी समेत तीन आरोपियों को एसआईटी ने रोशनाबाद से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने मंगलौर में किराये के मकान में अभ्यर्थियों को एकत्र कर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया था। इसकी एवज में मोटी रकम ली थी। इनामी आरोपी के बैंक खाते और एफडी भी फ्रीज कर दिए गए हैं। तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। प्रकरण में अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बृहस्पतिवार को रानीपुर कोतवाली परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसएसपी अजय सिंह ने बताया, एई-जेई लीक प्रकरण में जांच तेजी से आगे बढ़ रही है।जेल में बंद निलंबित अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी के यूपी के बलिया के बासखेड़ी थाना क्षेत्र के सरया निवासी अनुराग पांडे उर्फ कुमार अनुराग, अवनीश उर्फ अश्वनी निवासी नारसन खुर्द मंगलौर और एई की परीक्षा के अभ्यर्थी विशु बेनीवाल निवासी मंडावली मंगलौर ने उदाहेड़ी मंगलौर में एक किराये के मकान में अभ्यर्थियों को इकट्ठा कर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया था। इसके लिए आरोपियों को मोटी रकम मिली थी। बताया, अनुराग पांडे का नाम सामने आने के बाद तलाश शुरू की गई थी, लेकिन वह हाथ नहीं आया। इसके बाद 25 हजार का इनाम घोषित किया गया, बाद में इनाम की राशि 50 हजार कर दी गई। तीनों को रोशनाबाद से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया। प्रेस वार्ता में एसपी क्राइम एवं एसआईटी प्रभारी रेखा यादव, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह मौजूद रहे। एसआईटी ने 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी अनुराग पांडे की गिरफ्तारी करने के साथ ही उसके बैंक खातों को खंगाला। बैंक खाते/एफडी में करीब 13.41 लाख रुपये मिले। इसके बाद खाते को फ्रीज करवा दिया है। एसआईटी प्रभारी रेखा यादव ने बताया, आरोपी ने अपने और अपनी बहन प्रियदर्शनी के नाम से बैंक में एफडी और कैश जमा कराया था। आरोपी विशु बेनीवाल ने मई 2022 में लीक प्रश्नपत्र रटने के बाद सहायक अभियंता (एई) की परीक्षा दी थी, जबकि उसने खुद भी अन्य अभ्यर्थियों को एकत्र किया था। इसके बाद उन्हें मंगलौर में किराये के मकान में लाने के बाद प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया था। जिसकी एवज में उसे मोटी रकम मिली थी। आरोपी विशु बेनीवाल से एक लाख रुपये बरामद हुए, जबकि अवनीश उर्फ अश्वनी से दो लाख रुपये बरामद किए गए। वहीं, कुछ शैक्षणिक दस्तावेज भी एसआईटी को मिले हैं।

# यूकेएसएसएससी के पूर्व परीक्षा नियंत्रक की जमानत खारिज

देहरादून( उद संवाददाता)। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (वीपीडीओ) भर्ती घोटोले में गिरफ्तार उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) के पूर्व परीक्षा नियंत्रक राजेंद्र सिंह पोखरिया की जमानत न्यायालय विशेष न्यायाधीश सतर्कता अधिष्ठान चंद्रमणि राय की अदालत ने खारिज कर दी है। आरोपित राजेंद्र पोखरिया के अधिवक्ता चंद्रशेखर तिवाड़ी ने दलील दी कि वह आठ अक्टूबर 2022 से जेल में बंद है। उसके विरुद्ध साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उन्हें केवल विवेचना के दौरान झूठे गवाह व मात्र बयानों के आधार पर आरोपित बनाया गया है। पोखरिया आयोग में परीक्षा नियंत्रक के रूप में नियुक्त हुए थे। कुछ व्यक्तियों ने स्वार्थ सिद्ध करने के लिए एक आख्या शासन को प्रेषित की, जिसमें वीपीडीओ की परीक्षा में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। परीक्षा में 2018 की नियमावली का अनुसरण किया गया था। शासकीय अधिवक्ता आशुतोष शर्मा ने तर्क दिया कि आरोपित वीपीडीओ भर्ती के दौरान परीक्षा नियंत्रक थे। मामला रुपये लेकर अपात्र लोग को सरकारी नौकरी देने का होते हुए भ्रष्टाचार से संबंधित है। इसलिए जमानतपत्र निरस्त किया जाए। इस दौरान केस डायरी के साथ-साथ दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपित के जमानत प्रार्थनापत्र को निरस्त कर दिया।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road , Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# रोप-वे बनने से 20 मिनट में श्रद्धालु खरसाली से यमुनोत्री पहुंच जाएंगे

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं पर्यटन मंत्री श्री सतपाल महाराज की उपस्थिति में गरूवार को मुख्यमंत्री आवास में यमुनोत्री रोप-वे प्रोजेक्ट के लिए पर्यटन विभाग, निजी निर्माण कंपनी एस.आर.एम. इंजीनियरिंग एवं एफआईएल इंडस्ट्री प्रा. लि. के बीच अनुबंध किया गया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि इस रोप-वे परियोजना के पूर्ण होने के बाद यमुनोत्री धाम अपने शीतकालीन स्थल खरसाली से जुड़ जायेगा। मात्र 15-20 मिनट में ही श्रद्धालु खरसाली से यमुनोत्री पहुंच जाएंगे एवं प्रदूषण मुक्त प्राकृतिक सौन्दर्य का लाभ उठा पाएंगे। पर्यटन मंत्री श्री सतपाल महाराज ने कहा कि खरसाली से यमुनोत्री धाम तक बनने वाला यह रोप-वे मां यमुना के ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन धामों को एक साथ जोड़ने एवं उत्तराखण्ड में धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं में एक नया अध्याय शुरू करने का कार्य करेगा। परियोजना का क्रियान्वयन तय सीमा में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यमुनोत्री धाम के लिए बनने वाला 3.38 ।कड लंबा यह रोप-वे मोनोकेबल



डिटैच्चेबल प्रकार का होगा। जिसका निर्माण फ्रांस और स्विटजरलैण्ड की तर्ज पर किया जायेगा। इस रोप-वे की यात्री क्षमता एक घंटे में लगभग 500 लोगों को ले जाने की होगी। रोप-वे के एक कोच की क्षमता आठ लोगों की होगी। यमुनोत्री को रोप-वे से जोड़ने के साथ ही पार्किंग, आवासीय व्यवस्था, रेस्टोरेंट के निर्माण भी प्रस्तावित हैं। लगभग 166.82 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले रोप-वे का लोअर टर्मिनल खरसाली में 1.787 हेक्टेयर भूमि पर बनाया जायेगा, जबकि अपर टर्मिनल 0.99 हेक्टेयर भूमि पर बनाया जायेगा। इस अवसर पर विधायक यमुनोत्री श्री संजय डोभाल, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव पर्यटन श्री सचिन कुर्वे, ले. कमान्डर दीपक खण्डूरी (से.नि.) निदेशक अवस्थापना, श्री अविरल जैन, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (साहसिक विंग) कर्नल अश्वनि पुण्डीर (से.नि.) समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# सौरभ बहुगुणा ने किया डांस एकेडमी का उदघाटन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। नगर में एक मात्र नृत्य क्लास का उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सौरव बहुगुणा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। शक्तिफार्म टैगोर नगर रोड, दिल्ली प्ले स्कूल के सामने स्थित डी डी आर डांस अकादमी का उद्घाटन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री व 68 विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौरव बहुगुणा ने कार्यक्रम मे पहुंच कर फीता काटकर अकादमी का उद्घाटन किया और अकादमी के मैनेजर विक्की मण्डल और कोरियोग्राफर निरंजन हीरा को बधाई दिया। अकादमी के मैनेजर विक्की मण्डल ने कहा कि क्षेत्र



के बच्चों को डांस सिखने रुद्रपुर ,हल्द्वानी,बरेली जाना पढ़ता था। अकादमी खोलने का उद्देश्य यहाँ है की क्षेत्रीय बच्चों को सही मार्ग दर्शन देके प्रोत्साहन करना और आगे बढ़ाना। उदघाटन समारोह मे संजय बाछार,देवू मण्डल, विश्वजीत हालदार,अशोक मण्डल,उत्तम दास, सुवीर सरकार, सूरज देवनाथ,विक्रम भंडार, मयंक अग्रवाल,मनोज सरकार,राघव सिंह,दीपांशु रावत आदि लोग मौजूद थे।

# श्रीनगर में केंद्रीयकृत किचन को मंजूरी ,बच्चों को मिलेगी झंगोरे की खीर

## 4500 बाल वाटिकाओं के बच्चों को भी मिलेगा मिड डे मील, केंद्र को भेजा प्रस्ताव

देहरादून। उत्तराखंड में नई शिक्षा नीति के तहत सरकारी प्राथमिक स्कूल परिसर में चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों को बालवाटिका के रूप में शुरू किए जाने के बाद अब इनमें पढ़ने वाले बच्चों को मिड डे देने की तैयारी है। पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति की 20वीं बैठक में बताया गया कि इसके लिए 286 करोड़ का प्लान तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा गया। मुख्य सचिव डॉ.एसएस संधु की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि योजना के तहत प्रदेश की 4500 बाल वाटिकाओं के 86 हजार बच्चों को मिड डे मील मिलेगा। मंजूरी मिलने के बाद यह योजना अप्रैल से शुरू कर दी जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव ने 162 स्कूलों के सोशल ऑडिट की जानकारी लेते हुए इसकी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। कहा, स्कूली बच्चों को शिक्षा के साथ पोषण भी मिल सके,



इसके लिए योजना के सोशल ऑडिट के दौरान स्थानीय लोगों और अभिभावकों से भी फीडबैक लिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव ने स्कूलों के किचन और खाने के बर्तन-थालियों आदि आवश्यक वस्तुओं के लिए दो करोड़ का कॉर्पस फंड बनाने के निर्देश दिए। कहा, स्कूलों में किचन एवं स्टोर आदि की मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। जो भवन अधिक क्षतिग्रस्त हैं, उनकी प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत की जाए। बैठक में विधायक सहदेव पुंडीर, सचिव रविनाथ रमन, आर राजेश कुमार, महानिदेशक बंशीधर तिवारी, अपर सचिव रणवीर सिंह, डॉ.मुकुल सती, पीके बिष्ट आदि मौजूद रहे। बैठक में पीएम पोषण योजना के तहत श्रीनगर में केंद्रीयकृत किचन के निर्माण को मंजूरी दी गई। बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना के तहत 2003-04 में मिले 60 लाख किचन की मरम्मत में खर्च किए जाएंगे। सरकारी प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को पीएम पोषण में मिलेट्स को शामिल कर झंगोरे की खीर दी जाएगी। शुरूआत में खीर केंद्रीयकृत किचन के दायरे में आने वाले स्कूलों के बच्चों को मिलेगी।

# तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। विधानसभा सितारगंज के कांग्रेस जनों ने शक्ति फार्म ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस उत्तम आचार्य के नेतृत्व में तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर बंगाली क्षेत्रों में स्थापित स्कूलों में बंगाली भाषा पढ़ाई जाने उपजाति के तहत आने वाले बंगाली समाज के लोगों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन भेजा । इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष



शक्ति फार्म उत्तम अचार्य महिला कांग्रेस सितारगंज ब्लॉक अध्यक्ष जानकी कोली शक्ति फार्म ब्लॉक महिला अध्यक्ष सरस्वती बाला मीडिया प्रभारी वसीम मियां यूथ विधानसभा अध्यक्ष सुमिंदर यादव , सागर मंडल ,उमा देवी संभाला , सुकुमार चक्रवती और साथ में कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# भाजपा सरकार की तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस : माहरा

## लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कुचलने का प्रयास : हरीश रावत

देहरादून(उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा के साथ छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित



कांग्रेस पार्टी के पूर्ण अधिवेशन में प्रतिभाग करने हेतु प्रस्थान करते समय नई दिल्ली एयरपोर्ट पर मोदी सरकार के इशारे पर किये गये अभद्र व्यवहार एवं गिरफ्तारी की कार्रवाई की कड़े शब्दों में निन्दा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री करन माहरा ने पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा के साथ की गई कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार के इशारे पर इस प्रकार की कार्रवाई कर कांग्रेस पार्टी के महाअधिवेशन मे खलल डालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा को रोकने का भी इसी प्रकार कुप्रयास किया गया और अब श्री पवन खड़ा के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार कर कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन को बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है जिसकी जितनी भी निन्दा की जाय कम है। उन्होंने दिल्ली पुलिस की इस कार्रवाई को भाजपा सरकार की तानाशाही बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी हिटलर से भी आगे निकल चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने ईडी और पुलिस जैसी सरकारी एजेंसियों के माध्यम कांग्रेस पार्टी के रायपुर अधिवेशन में व्यवधान उत्पन्न करने का जिस प्रकार प्रयास किया जा रहा है वह लोकतंत्र में कतई सहन करने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई का कांग्रेस पार्टी कठोर निन्दा करती है तथा इसके विरोध में सड़कों पर उतर कर विरोध करेगी। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा है कि आखिर पवन खेड़ा जी का अपराध क्या है? लोकतंत्र के अंदर आप अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को इस तरीके से कुचल देंगे? और रणदीप सुरजेवाला जी यदि उनके पक्ष में कुछ बात कर रहे हैं, आप उन्हें कहां लेकर के चले गए! अब हमें उनकी सुरक्षा की भी चिंता होने लगी है! जितनी तत्परता आप लोकतंत्र के सेवकों को रोकने में, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने में लगा रहे हैं, यदि इसके हजार प्रतिशत कम भी आपने तत्परता देश की अपराधियों को नीरव मोदी और मेहुल चौकसी जैसे लोगों को रोकने में लगाई होती एयरपोर्ट पर तो देश का कुछ पैसा तो बचता! देखिए यह सरकार का लोकतंत्र पर कोई यकीन नहीं है। यह येन-केन प्रकारेण लोकतांत्रिक शक्तियों और विरोध पक्ष को कुचल देना चाहते हैं! आप पवन खेड़ा जी को ले जाइए, रणवीर सिंह सुरजेवाला जी को ले जाइए, हम सबको ले जाइए, हम लोग लड़ेंगे, आप कांग्रेस की आवाज को दबा नहीं सकते! पहले आपने रायपुर में कुछ नाटक किया, हमारे लोगों के घरों पर छापा डालने का काम किया। अब हमारे महाधिवेशन और मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए यह नए तरीके का प्रपंच स्टार्ट कर दिया। यह भाजपा का सारा प्रपंच है और लोकतंत्र को दबाने के लिए और कांग्रेस की आवाज को कमजोर करने के लिए है।

# कैलाश व इंद्रेश भाकपा माले केंद्रीय कमेटी में हुए शामिल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाकपा (माले) के आयोजित 11 वें महाधिवेशन में हुए केंद्रीय कमेटी के चुनाव में उत्तराखंड में पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड राजा बहुगुणा केन्द्रीय कन्ट्रोल कमीशन के अध्यक्ष चुने गए। केंद्रीय कमेटी में उत्तराखंड से कॉमरेड इन्द्रेश मैखुरी व कैलाश पांडेय को चुना गया। महाधिवेशन ने कामरेड दीपंकर भट्टाचार्य को पुन: भाकपा-माले महासचिव चुना। अधिवेशन में मजदूर-किसानों व अन्य मेहनतकश समूहों की संघर्षशील एकता के साथ खड़ा किए जाने वाले जमीनी व प्रभावी केजनांदोलनों के आ धार पर संघ-भाजपा व अडानी-अंबानी के कारपोरेट- सांप्रदायिक- फासीवादी नीतियों का प्रतिरोध करना, और वहीं दूसरी ओर भाजपा के खिलाफ तमाम विपक्षी दलों व संगठनों की व्यापक विपक्षी एकता के आधार पर उसे चुनावों में शिकस्त देने का आह्वान किया गया। यह जानकारी भाकपा माले के नैनीताल जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने राष्ट्रीय महाधिवेशन से लौटकर जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड से भी महाधिवेशन में 15 डेलीगेट शामिल हुए।महाधिवेशन ने 77 सदस्यीय केन्द्रीय कमेटी जिसमें नवनिर्वाचित केन्द्रीय कंट्रोल कमीशन के अध्यक्ष का. राजा बहुगुणा भी एसोसिएट सदस्य के बतौर शामिल हैं, का चुनाव किया। उन्होंने बताया भाकपा-माले का यह महाधिवेशन लगभग 2 लाख सदस्य शामिल हुए। महाधिवेशन के प्रतिनिधित्व में महिलाओं की हिस्सेदारी भी पिछले की तुलना में बढ़कर 15 प्रतिशत रही। महाधिवेशन में आगामी पांच साल के लिए पार्टी के कार्यनीति और दिशा तय की जाती है। पार्टी ने देश में लोकतंत्र, संविधान बचाने तथा फासीवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प लिया। पार्टी ने तय किया कि अलग से जेंडर जस्टिस सेल का गठन किया जायेगा, जिसमें प्रमुख सामाजिक / विधिक कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा।

# 11 जनपदों में बायफ के एकीकृत पशुधन विकास केन्द्रों का उद्घाटन

## केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं प्रदेश के पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बायफ कार्यकर्ताओं को आवन्टित मोटरसाईकिलों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। देवनगर शक्ति फार्म उधमसिंह नगर मे राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय जागरूक्ता शिविर / मेला का आयोजन पशुपालन विभाग एवं उत्तराखण्ड पशुधन विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में आयेजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं प्रदेश के पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं मंत्री पशुपालन सौरभ बहुगुणा द्वारा कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिये 11 जनपदों मे बायफ के एकीकृत पशुधन विकास केन्द्रों का बटन दबा कर उदघाटन किया तथा इस अवसर पर बायफ कार्यकर्ताओं हेतु आवन्टित मोटरसाईकिलों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मुख्य अतिथि अजय भट्ट ने भाषण में पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के सफल संचालन की प्रशंसा की साथ ही श्री भट्ट ने कहा कि विभागीय योजनाओं से पर्वतीय क्षेत्र में पलायन की समस्या को दूर करने मे मदद मिलेगी। विभागीय योजनाओं के सफल संचालन के लिये केन्द्र सरकार उत्तराखण्ड सरकार को भविष्य में भी हर सम्भव मदद उपलब्ध करायेगी। उन्होने कहा की भारत सरकार की सहायता से एन०एल०एम योजना एवं पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियन्त्रण योजना अन्तर्गत 60 मोबाईल वेटनरी यूनिट (वैन) के माध्यम से पशुपालक के द्वारा पर पशुचिकित्सा, टीकाकरण, रोग परीक्षण आदि सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पशुपालकों की सुविधा हेतु विभागीय हेल्पलाइन नम्बर (1962) प्रारम्भ किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सौरभ बहुगुणा ने बताया कि प्रदेश मे राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना मे प्रदेश के 7 उद्यमियों को कुल रू0 669.95 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है जिसमे रू0 243.00 लाख अनुदान राशि है। इस योजना मे पशुधन बीमा हेतु रू0 13.00 करोड़ की धनराशि अवमुक्त है जिसमे प्रदेश के पशुधन बीमा हेतु 50 से 80 प्रतिशत बीमा प्रीमियम मे छुट का प्राविधान है। श्री बहुगुणा ने कहा कि प्रदेश के सभी पशुपालको को इस याजना के अन्तर्गत अपने पशुओं का बीमा आवश्यक रूप से कराना चाहिये ताकी असमय होने वाली पशुधन हानि से बचा जा सके। श्री बहुगुणा ने बताया कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजनान्तर्गत गो एवं महीषवंशीय पशुओं के ब्रीड मल्टीप्लायर फार्म स्थापित करने पर भारत सरकार द्वारा 50 प्रतिशत का अनुदान जिसकी अधिकतम सीमा रू0 50.00 लाख है। सरकार द्वारा पशुओं के विभिन्न प्रकार के रोगों की रोकथाम के लिए पशुस्वामी के द्वार पर प्रतिरोधक टीकाकरण को अभियान के रूप मे चलाया जा रहा है। श्री बहुगुणा ने बताया कि उत्तराखण्ड सरकार ने हाल ही में पशुपालकों हेतु लिंग वर्गीकृत वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान हेतु रू0 27.00 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है जिससे प्रदेश के सभी पशुपालक लाभान्वित होंगे। श्री बहुगुणा ने बताया कि देश के प्रधान मंत्री, मोदी एवं मुख्य मंत्री, धामी के नेतृत्व मे उत्तराखण्ड विकास के नये आयमों को छू रहा है। इन विभगीय योजनाओं के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य मे ग्रामीण स्वरोगार के अवसर बढ़ने से गामीण अर्थिकी में सुधार होगा एवं ग्रामीण क्षेत्र से पलायन मे आशातीत कमी आयेगी। श्री बहुगुणा ने सभी पशुपालकों से अपील की इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें। इससे पूर्व सौरभ बहुगुणा द्वारा 32लाख की लागत से बनने वाले पशु सेवा केन्द्र, बसगर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री बहुगुणा द्वारा बताया गया कि इस पशुसेवा केन्द्र के निर्माण से बसगर के आस पास के सभी गांवों को प्राथमिक पशुचिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान एवं अन्य विभागीय योजनाओं का समुचित लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम मे निदेशक पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड ने सभी अगन्तुक महानुभाओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को इन योजनओं को आम जन मानस तक पहुचाने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम मे राज्य मंत्री खतीब अहमद एवं इकबाल सिंह लाडी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम मे डा० आर० एस० नेगी, मुख्य अधिशासी अधिकारी, यू0एल0डीबी, डा० बी० सी० कनाटक, अपर निदेशक कुमायूं मण्डल, डा० एस० बी० पाण्डे, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, डा० के० के० जाशी, डा० जितेन्द्र, डा० मालिनी, डा० असीम देब, डा० छवी चौधरी, डा० सतीश जोशी, डा० बृजेश रावत, डा० विशाल शर्मा, डा० हेमा राठोर, डा० सुमित कौर अदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा० कैलाश उनियाल एवं डा० रविशंकर झा ने किया।













## अवैध तमंचा के साथ घूमते शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने गश्त के दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे एक शातिर बदमाश को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक द्वारा गश्त के दौरान जेडीएम स्कूल के पास दमुवाढूगां से संदिग्ध रूप से घूम रहे युवक को घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता राहुल बिष्ट उर्फ थापा पुत्र वीर बहादुर बिष्ट निवासी नई बस्ती गोकुल नगर चौकी दमुवाढूगां थाना काठगोदाम बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।के साथ गिरफ्तार किया गया। उसका कहना था कि वह शौक से अपने पास तमंचा रखता है। पुलिस ने बरामद अवैध तमंचा कारतूस कब्जे में लेकर राहुल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि राहुल के विरूद्द थाना काठगोदाम में पूर्व में कई धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। पुलिस टीम में उनि कृपाल सिंह चौकी प्रभारी हैड़ाखान, उनि फिरोज आलम चौकी प्रभारी मल्ला काठगोदाम, हेका सुन्दर कोहली, का अनिल कुमार शामिल थे।



## पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)। पवित्र बंधन पैलेस में गदरपुर की प्रमुख शालू किन्नर एवं गुरुग्राम हरियाणा की प्रमुख रेशमा हाजी के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह, सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी, थानाध्यक्ष राजेश पांडे को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष जय किशन अरोरा एवं अनिल गुंबर मौजूद थे। इनके द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ के द्वारा अधिकारियों को वहां पर आमंत्रित किया गया उनका कहना था कि किन्नर समाज के लिए एक बहुत बड़ी बात थी कि उनके कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ,सीओ और थानाध्यक्ष पहुंचे इस दौरान शालू किन्नर एवं हाजी रेशमा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक से वार्ता भी की गई , अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह का भी बहुत-बहुत धन्यवाद किया गया उन्होंने अपने कीमती समय में से कुछ समय किन्नर समाज के कार्यक्रम में प्रदान किया किन्नर शालू नायक ने पुलिस प्रशासन और मीडिया का धन्यवाद किया।



## नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम की चार दिवसीय कार्यशाला शुरू

बागेश्वर (उद संवाददाता)। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय कार्यशाला शुरू हो गई है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.डीपी जोशी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.विनोद कुमार टम्टा ने किया। सीएमओ जोशी ने कहा कि नवजात मृत्यु दर कम करने में यह कार्यशाला मील का पत्थर साबित होगी। इसका लाभ गांव-गांव तक पहुंचे इस पर अधिक ध्यान देना होगा। जिलाचिकित्सालय में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में जोशी ने कहा कि नवजात शिशु देखभाल यूनिट (एनआईसीयू) की जानकारी दी जा रही है। इसके बारे में स्वास्थ्य कर्मी जितना समझेंगे उसका लाभ उतना अधिक मिलेगा। सीएमएस डॉ विनोद टम्टा ने नर्सिंग अधिकारियों से कार्यशाला में पूरे मनोयोग से रहने को कहा। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता निखुर्पा नवजात शिशुओं की देखरेख, संक्रमण के बचाव आदि के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवजात मृत्यु दर कम करना है। प्रशिक्षण के माध्यम से शिशुओं के सांस लेने में मदद के लिए मेडिकल स्टाफ को हाथ से दी जाने वाले तरीके बारे में बताया। वही प्रशिक्षण में डॉ. बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.रवींद्र मेर ने नवजात शिशुओं की देखभाल, शिशु के वजन के आधार पर किसी भी प्रकार से संक्रमण से बचने, गर्भस्थ माँऔर शिशु दोनों के स्वास्थ की समुचित देखभाल, और विमारियों से बचाव की जानकारी दी। इस दौरान अस्पताल के स्वास्थ कर्मी मौजूद रहे।



## चीफ फार्मासिस्ट डीके जोशी को मातृ शोक

रूद्रपुर (उद संवाददता)। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तराखण्ड के कुमांऊ सचिव एवं सीएमएसडी में कार्यरत चीफ फार्मासिस्ट डी. के. जोशी की माताजी श्रीमती विमला जोशी का विगत दिवस निधन हो गया। वह 85 वर्ष की थी। कफोली बागेश्वर स्थित अपने निवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से जनपद के स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर दौड़ गयी। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोगों के साथ ही राजनैतिक सामाजिक संगठनों और मीडिया कर्मियों ने भी विमला जोशी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।



## एटीएम बदल खाते से 43 हजार उड़ाए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली से कुछ दूरी पर शातिर ठगों ने एक युवक से एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से अलग-अलग किश्तों में 43 हजार उड़ा दिए। जब उसके मोबाइल पर मैसेज आया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।पुलिस को सौंपी तहरीर में दयान सिंह गुंज्याल निवासी लामाचौड़ ने कहा है कि वह बीते दिवस सरस मार्केट स्थित पीएनबी के एटीएम में पैसे निकालने गया था। वहां पहले से कुछ युवक मौजूद थे। आरोप है कि उन्होंने चालाकी से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और उनको दूसरा एमटीएम कार्ड सौंप दिया। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर अलग-अलग किश्तों में 43 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। जैसे ही उसने देखा तो उसके के पैरों तले जमीन खिसक गई। इधर पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तुलसी धाम के लिए घोषणाएं करने पर सीएम धामी का जताया आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते दिवस तुलसी धाम मलसा में पहुंचकर धाम पर आशीर्वाद लिया इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा की मांग पर तुलसी धाम में संगत के लिए हाल का निर्माण,मार्ग का नाम श्री तुलसी दास मार्ग करन और मेले को संस्कृति विभाग से पंजीकृत करवाने की घोषणा की। कार्यक्रम में आने और श्री तुलसी धाम के लिए की गई घोषणाओं का स्वागत करते हुए भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी सदैव हमारे धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए अनवरत प्रयासरत हैं उन्होंने पिछले वर्ष कावड़ियों पर पुष्प वर्षा भी करवाई थी और चार धाम की यात्रा को सुगम बनाने में पूरा प्रयास किया जिससे सुरक्षित यात्राएं हो पाई और पिछले वर्षो के सभी रिकॉर्ड भी टूट गए श्री हेमकुंड साहिब में रोपवे का भी निर्माण होने वाला है इसके साथ ही उन्होंने धर्मांतरण को रोकने के लिए सख्त धर्मांतरण कानून को भी भी लाए हैं और सभी धर्मों अलग अलग कानून को एक करने के लिए उन्होंने कॉमन सिविल कोड लाने की पहले है।



# शिक्षा और संस्कार बनेंगे सशक्त भारत का आधार

## मुख्यमंत्री धामी ने किया तुलसी धाम मार्ग का लोकार्पण किया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तुलसी धाम पहुंचकर 69वे श्री तुलसी महायज्ञ में प्रतिभाग किया और पूजा-अर्चना कर राज्य एवम देश की खुशहाली, सुख-समृद्धि, शान्ति के साथ ही राज्य को दैवीय आपदाओं से बचाव की कामना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री धामी ने विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए सन्तो से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में गुरु महाराज तथा सन्तों ने चारों धामों का कायाकल्प करने, धर्मान्तरण कानून लाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पगड़ी पहनाकर व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बालिका तान्या मिडडा के जज बनने पर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने तुलसी धाम मार्ग का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि मन्दिर में जिलाधिकारी द्वारा सीएसआर आदि मद से हॉल निर्माण कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने एनएच-74 से ग्राम मलसा होते हुए धाम आने वाले मार्ग को तुलसी धाम के नाम से जाना जायेगा, सांस्कृतिक मेले के लिए सरकार की ओर से हर संभव सहयोग किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महान सनातन संस्कृति के संरक्षक और संपूर्ण विश्व में सनातन संस्कृति की यश पताका को फहराने वाले सभी अग्रदूतों को दण्डवत नमन किया। उन्होंने कहा कि यह मेरा परम् सौभाग्य है कि आज मुझे एक साथ आप सभी महानुभावों का सानिध्य प्राप्त हो रहा है, आप सभी की आभा और ऊर्जा ने मेरे मन मस्तिष्क को और भी अधिक जागृत करने का कार्य किया है। श्री धामी ने कहा कि तुलसी दास जी के शब्द आज भी उतने ही सार्थक हैं, जितने तब थे। उन्होंने कहा कि आज भी आपका धन, वैभव, संपदा ये सब अर्थहीन हैं, यदि आप संतों, गुरुजनों की वाणी को नहीं सुनते, उनके विचारों का अनुसरण नहीं करते। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं को सौभाग्यशाली समझता हूं कि संपूर्ण विश्व को ज्ञान, दर्शन, आध्यात्म और संस्कृति से परिचित कराने वाले आप सभी महानुभावों के समक्ष अपने विचार साझा करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।








मुख्यमंत्री ने कहा कि संत-महंत एक चुंबकीय व्यक्तित्व के स्वामी हैं और जो भी आपसे एक बार मिल लेता है वो हमेशा के लिए आपका प्रशंसक बन जाता है। उन्होंने कहा कि इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि आपके द्वारा दुनिया को दी जा रही शिक्षा और संस्कार ही कल के नए और सशक्त भारत का आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि सन्तों, गुरूओं द्वारा युवाओं को दिए जाने वाली शिक्षा और संस्कार ही नए भारत का आधार भी बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि ज्ञान से पवित्र और कुछ भी नहीं है, मैं, आशा करता हूं कि आपका ज्ञान सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा और हमें राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर करने में सहायक सिद्ध होगा। जैसा कि आप सभी जानते ही हैं कि देवभूमि उत्तराखण्ड ने वर्षों से संपूर्ण दुनिया को सत्य, आध्यात्म और शांति का मार्ग दिखाने का कार्य किया है।उन्होंने कहा कि विश्व को आध्यात्म का उपदेश देने वाले महान ऋषियों की हमारी भूमि के आप जैसे पूज्य संतों ने ही हमेशा अति-भौतिकतावाद के दर्द से कराहते विश्व के आंसू पोछने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सभी के शुभाशीष का ही परिणाम है कि आज हमारी सरकार आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के महान नेतृत्व में नव भारत और नव-उत्तराखण्ड निर्माण की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी महान सनातन संस्कृति की पताका संपूर्ण विश्व में लहरा रही है और दुनिया भर के देश हमारी प्राचीन संस्कृति और दर्शन से परिचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी का यह कर्तव्य है कि हम अपने धर्म मार्ग से कभी विचलित ना हों और अपनी सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सदैव प्रयत्नशील रहें। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केदारखंड के मंदिरों को विकसित करने के साथ ही मानसखंड कॉरिडोर को भी विकसित करने कि दिशा में आगे बढ़ रही है, जिसके अंतर्गत कुमांऊ के गोलज्यू मंदिर, पाताल भुवनेश्वर, कोट भ्रामरी, देवीधुरा, कैंचीधाम, बाल सुंदरी, मां पुण्यगिरी समेत अनेक धार्मिक स्थलों को चिन्हित किया गया है। श्री धामी ने कहा कि हमारे लिए गर्व का विषय है कि मानसखंड कॉरिडोर पर आधारित हमारी झांकी को गणतंत्र दिवस की परेड में प्रथम पुरुस्कार मिला। श्री धामी ने कहा कि सभी को विश्वास दिलाता हूं कि हमारी सरकार देवभूमि उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने विकल्प रहित संकल्प को पूर्ण करने हेतु दिन रात काम करती रहेगी तथा आपका यह मुख्य सेवक जब तक देवभूमि को सच्चे अर्थों में देवभूमि नहीं बना लेगा तब तक चौन से नहीं बैठेगा, आराम से नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि इस पावन संकल्प को पूरा करने में सभी महानुभावों का आशीर्वाद इसी प्रकार मिलता रहेगा। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एसडीएम प्रत्यूष सिंह, कौश्तुभ मिश्रा, सहित भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भारत भूषण चुघ, सुरेश कोली, अमित नारंग आदि उपस्थित थे।





## एसपी सिटी ने किया काठगोदाम थाने का वार्षिक निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसपी सिटी हरबंस सिंह द्वारा थाना काठगोदाम का वार्षिक निरीक्षण कर आपदा उपकरणों एवं शस्त्रों की बारीकी से जांच की तथा पुलिस कर्मियों को प्रो एक्टिव पुलिसिंग के लिए निर्देशित किया। इससे पूर्व थाने पहुंचने पर सर्वप्रथम सलामी गार्द द्वारा उन्हें सलामी देकर उनका अभिवादन किया गया। बेहतरीन सलामी देने पर सलामी गार्द को रिवार्ड दिया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना की साफ-सफाई, महत्वपूर्ण अभिलेखों का रख-रखाव शस्त्रों के रख-रखाव के संबंध में पुलिस कर्मियों से एसपी सिटी ने जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बारी-बारी से थाने में नियुक्त कर्मचारियों से अस्लाह की जानकारी एवं शस्त्राभ्यास भी कराया। शस्त्राभ्यास का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने व शस्त्रों का अच्छा ज्ञान होने पर कॉन्स्टेबल श्याम सिंह राणा को नगद रिवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कर्मचारियों द्वारा बीएलपी फायर करके दिखाया गया तथा बताया गया कि किस प्रकार आवश्यकता पड़ने पर बीएलपी का प्रयोग किया जाना चाहिए। इस दौरान थाने के पास बने सरकारी आवासों का भी उन्होंने निरीक्षण किया तथा सभी को सरकारी आवासों के आस-पास व बाहर साफ-सफाई करने एवं जिन आवासों में किसी प्रकार की कमियां पाई गई है उनका तत्काल निराकरण करने हेतु संबंधित से वार्ता करने के लिए थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। थाने के मालखाने का निरीक्षण के दौरान सभी माल सही पाए गए एवं मालखाने की साफ-सफाई भी अच्छी पाई गई तथा मालों का रखरखाव अच्छा पाया गया। मालखाने के अच्छे रखरखाव हेतु एचएम कैलाश चंद्र भट्ट को भी नगद



रिवार्ड से सम्मानित किया गया। थाने में उपलब्ध सभी आपदा उपकरणों को बारीकी से चेक करने पर सभी उपकरण सही एवं चालू हालत में पाए गए। एसपी सिटी द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया कि आपदा के समय आपदा उपकरणों को उपयोग में लाया जाए। थानों में जिन अभिलेखों में रजिस्टर अब तक अंकन नहीं किया गया था एसपी सिटी ने उस हेतु हेड मोहररिर को तत्काल सभी अभिलेखों को अध्यावधिक किए जाने हेतु निर्देशित किया। रजिस्टर नंबर 8 को चेक किया गया तो उसमें सजायाफ्ता का विवरण पूर्ण नहीं होने पर हेड मोहरिर को निर्देशित किया कि अग्रिम तीन दिवस के अंदर सजायाफ्ता का विवरण रजिस्टर में अंकित करें।सीसीटीएनएस एवं डाक कार्यालय का कार्य उच्च कोटि का पाया गया। सीसीटीएनएस एवं डाक कार्यालय में नियुक्त कांस्टेबल एवं महिला कांस्टेबल को नगद रिवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने थाने के ऑनलाइन पोर्टलों में प्राप्त होने वाले सभी शिकायतों को तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। शस्त्र रजिस्टर में शस्त्र लाइसेंस धारकों का विवरण अंकित नहीं होने पर विवरण अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम, उपनिरीक्षक फिरोज खान आलम सहित अन्य समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो की सहायक निदेशक ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में केंद्रीय संचार ब्यूरो, देहरादून की सहायक निदेशक डॉ. संतोष आशीष व अन्य अधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को विभाग की विभिन्न क्रिया-कलापों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, देहरादून द्वारा जनवरी माह में किये गए कार्यक्रम



बीटिंग रिट्रीट की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम हुआ है जिसमें आईएमए, आईटीबीपी, पुलिस और स्काउट्स के बैंड ने अपने प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया था। राज्यपाल ने कहा कि विजय चौक, दिल्ली में होने वाले बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी से प्रेरणा लेकर अगले वर्ष और अधिक भव्य बनाने के प्रयास करें। इसमें जनप्रतिनिधियों, स्थानीय लोगों, स्कूली और कॉलेज के छात्र-छात्राओं की भागीदारी बढ़ाने का भी प्रयास करें। उन्होंने इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी विभागीय अधिकारियों की सराहना की।

## नशे की रोकथाम के लिए व्यापक अभियान शुरू

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज परिसर स्थित राजकीय महाविद्यालय गदरपुर में गठित एंट्री ड्रग सेल युवाओं और लोगों में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता मुहिम शुरु कर रही है। राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शर्मिला सक्सेना ने बताया कि 26 सितंबर 2022 को महाविद्यालय में एंट्री ड्रग सेल गठित की गई थी जिसमें उनको संरक्षक और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्री हरी प्रसाद को संयोजक मनोनीत किया गया था। युवाओं और लोगों में नशे की निरंतर बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से 2 फरवरी को एंट्री ड्रग सेल को विस्तारित कर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 14 लोगों की विशेष कार्य समिति का गठन किया गया है जिसे कोप (काउंसलिंग आफ पीपल विद एंपैथी) सहानुभूति से परामर्श नाम दिया गया। विशेष समिति में शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष मुरारी लाल मिश्रा, मनोवैज्ञानिक डॉ.श्वेता दीक्षित, डॉ. रंजीता जोहरी,अधिवक्ता रेखा दास, एनएसएस के जिला समन्वयक मनोज जोहरी, थानाध्यक्ष राजेश पांडे, सीएचसी प्रभारी डॉ.संजीव सरना,जीआईसी प्रधानाचार्य परशुराम दिवाकर ,प्रोफेसर डॉ.मनीष कुमार शर्मा,तेजस्विनी फाउंडेशन के एसएस नरवाल , व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, मनविंदर पांडे ,मोहित अरोरा और मीडिया कर्मी जसपाल डोगरा को शामिल किया गया है।

## नेत्रदान कर अमर हो गई श्रीमति कृष्णावन्ती

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम करतारपुर गदरपुर निवासी चिमन ढींगरा,जगदीश ढींगरा , रामा ढींगरा एवं अशोक ढींगरा की माता जी एवं रुद्रपुर निवासी अशोक भुड्डी की सास श्री मति कृष्णावंती का स्वर्गवास हो गया । वह बहुत धार्मिक एवं सामाजिक थी उनकी इच्छा थी कि उनके मरणोपरांत उनके नेत्रदान किए जाएं। उनके चारों पुत्रों ने दुख की इस घड़ी में माता के नेत्रदान हेतु सोचो डिफरेंट संस्था से सम्पर्क किया उसके उपरांत सी एल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद की टीम द्वारा नेत्रदान लिए गए। अब माता जी के नेत्रों से किन्ही दो लोगों के जीवन में रोशनी आएगी माता जी जाते जाते अमर हो गई उनके बाद भी उनके नेत्रों से कोई इस दुनियां को देख सकेगा। इस दौरान नगर के विभिन्न संगठनों सोचो डिफरेंट संस्था, जय भवानी जागरण मंडल,पंजाबी महासभा,व्यापार मंडल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मानवाधिकारों का उल्लंघन

कानून के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद किसी भी व्यक्ति की मार-पिटाई करना वर्जित है। पुलिस और जांच एजंसियों की नियम-कायदों को ताक पर रख कर और मानवाधिकारों की परवाह किए बगैर मनमानीपूर्ण तरीके से कार्रवाई करने की कोशिश प्रकट तथ्य है। अपराधियों को सुधारने और आपराधिक मामलों में जानकारियां जुटाने के नाम पर कई बार गिरफ्तार किए गए लोगों की इस बेरहमी से पिटाई की जाती है कि वे हिरासत में ही जान गंवा बैठते हैं। इसे लेकर लंबे समय से अंगुलियां उठती रही हैं, मगर चिंता का विषय है कि हिरासत में होने वाली मौतों का आंकड़ा कम होने का नाम नहीं ले रहा। जिन राज्यों में सरकारों ने सुशासन के नाम पर पुलिस को मुक्तहस्त कर रखा है, वहां ऐसी मौतों का आंकड़ा अधिक है। इसी के मद्देनजर करीब दो साल पहले सर्वोच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय, राष्ट्रीय जांच एजंसी, केंद्रीय जांच ब्यूरो और देश के सभी पुलिस थानों को छह हफ्ते के भीतर अपने दफ्तरों में सीसीटीवी कैमरे और रिकार्डिंग उपकरण लगाने का आदेश दिया था। मगर पुलिस थानों में इस दिशा में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हो पाई है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने सख्ती बरतते हुए कहा है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की सरकारें अपने यहां के थानों में एक महीने के भीतर सीसीटीवी और रिकार्डिंग उपकरण लगाएं, नहीं तो उनके गृह सचिवों और मुख्य सचिवों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। देखना है, इस कड़ाई का कितना असर हो पाता है। कानून के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद किसी भी व्यक्ति की मार-पिटाई करना वर्जित है। मगर पुलिस के कामकाज में अभी तक वही औपनिवेशिक ठसक बनी हुई है, इसलिए वह मार-पिटाई को अपना मुख्य हथकंडा मानती है। यही स्थिति प्रवर्तन निदेशालय, राष्ट्रीय जांच एजंसी और केंद्रीय जांच ब्यूरो का है। वे भी तथ्य उगलवाने के नाम पर ऐसी ज्यादतियां करते देखे जाते हैं। मगर पुलिस इस मामले में कुछ अधिक बदनाम है। वह तो रसूखदार लोगों के प्रभाव में कई बार, बेकसूर होने के बावजूद, किसी को सबक सिखाने के मकसद से भी उठा लाती और थाने में बंद कर इस कदर पिटाई करती है कि वह दम तोड़ देता है। ऐसे अनेक उदाहरण मौजूद हैं, जब पुलिस ने किसी को बेवजह मारा-पीटा और उसे मार डाला। इस तरह की यातना झेलने वालों में ज्यादातर गरीब तबके के लोग होते हैं। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने थानों में कैमरे लगाने का आदेश दिया था, ताकि जब भी ऐसी शिकायतें आएं तो उन मामलों के तथ्यों को जाना-समझा जा सके। फिर इस तरह पुलिस पर एक मनोवैज्ञानिक दबाव भी रहे। मगर साफ है कि न तो राज्य सरकारें पुलिस के कामकाज का तरीका बदलना चाहती हैं, न पुलिस खुद अपने को बदलना चाहती है। पुलिस सुधार को लेकर अब तक गठित आयोगों और समितियों ने कई मूल्यवान सुझाव दिए हैं, मगर उन पर केंद्र सरकार ने भी कभी गंभीरता से विचार करने की जरूरत नहीं समझी। इसलिए पुलिस मनमानी से बाज नहीं आती। जब भी हिरासत में मौत का मामला उठता है, तो वह किसी न किसी तरह अपने को पाक-साफ साबित कर लेती है। मगर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग इस पर कई बार चिंता जता चुका है कि भारत में हिरासत में होने वाली मौतों का आंकड़ा चिंताजनक है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय की कड़ाई के बाद अगर थानों में कैमरे लगा भी दिए जाते हैं, तो पुलिस के कामकाज में बहुत बदलाव आएगा, इसका दावा करना मुश्किल है। कैमरे लगाने के बाद उनके संचालन और एक केंद्रीय इकाई द्वारा उन पर निगरानी रखने का तंत्र भी विकसित होना चाहिए।

# जीएसटी की टीम ने देहरादून, मसूरी व ऋषिकेश के ब्यूटीपार्लरों में मारा छापा,रिकॉर्ड जब्त किए

देहरादून। जो प्रतिष्ठान सीधे ग्राहकों के साथ कारोबार (बिजनेस टू कंज्यूमर) कारोबार करते हैं, उनमें बड़े स्तर पर कर चोरी देखने को मिल रही है। खासकर ब्यूटीपार्लर जैसे प्रतिष्ठान, जहां अधिकांश कारोबार नकद में होने और बिल प्राप्त करने का चलन न होने के चलते, हालात अधिक पेचीदा हैं। पहली बार स्टेट जीएसटी की टीम ने ब्यूटीपार्लर को रडार पर लिया तो पता चला कि कर चोरी धड़ल्ले से की जा रही है। स्टेट जीएसटी की टीम ने दून की एक ब्यूटीपार्लर चेन पर छापा मारा तो सरसरे तौर पर ही लाखों रुपये की कर चोरी निकल आई। बताया जा रहा है कि गहन जांच में कर चोरी का आंकड़ा करोड़ों रुपये में जा सकता है। स्टेट जीएसटी के अपर आयुक्त (गढ़वाल) के नेतृत्व में यह छापेमारी प्रतिष्ठित ब्यूटी पार्लर चेन के देहरादून, मसूरी व ऋषिकेश की आठ शाखाओं पर एक साथ की गई। 25 सदस्यीय टीम ने ब्यूटीपार्लर से आय-व्यय के तमाम रिकॉर्ड जब्त किए। पता चला कि ब्यूटीपार्लर चेन अधिकांश कारोबार नकद में कर रही है। उपायुक्त यशपाल सिंह के मुताबिक, जब्त किए गए दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक परीक्षण में ही लाखों रुपये की कर चोरी प्रकाश में आ चुकी है। नकद में कारोबाद अधिक होने के चलते मामला थोड़ा पेचीदा है, जिसके लिए गहन जांच की जरूरत है।माना जा रहा है कि कर चोरी का आंकड़ा करोड़ों रुपये में जा सकता है। छापेमारी में उपायुक्त नेहा मिश्रा, आशीष ठाकुर, मनीषा सैनी, मनीष मिश्रा, अवधेश पांडे, संजीव त्रिपाठी, सौरभ तिवारी, सहायक आयुक्त योगेश रावत, शशिकांत दुबे, जयदीप रावत, वंदना नौटियाल, केके पांडे आदि शामिल रहे। प्रतिष्ठित ब्यूटीपार्लर चेन में की जा रही कर चोरी की शिकायत लंबे समय से मिल रही थी। स्टेट जीएसटी के अधिकारियों ने तमाम शाखाओं को निगरानी में भी लिया। रिकॉर्ड के लिए ब्यूटीपार्लर की सेवाएं भी लीं। भुगतान करने पर अधिकारियों ने बिल मांगा तो स्टाफ ने साफ इन्कार कर दिया। इसके बाद अधिकारियों ने ब्यूटीपार्लर चेन के गल्लों में जमा होने वाली रकम को भी निगरानी में लिया। जिसके औसत आकलन पर तय किया गया कि कारोबार के मुताबिक बेहद कम कर जमा किया जा रहा है। कर चोरी की पुष्टि हो जाने के बाद छापेमारी की कार्रवाई की गई। ब्यूटीपार्लर चेन के कारोबार को पृथक रूप से दिखाने के लिए अलग-अलग आठ शाखाओं के आठ पंजीकरण जीएसटी में कराए गए हैं। विभागीय जांच में पता चला कि सभी शाखाओं के संचालन एक ही परिवार कर रहा है। कर चोरी से बचने के लिए सिर्फ रजिस्ट्रेशन अलग-अलग लिए गए हैं। बी-टू-सी (बिजनेस टू कंज्यूमर) वाले कारोबार नकद में ही अधिक किए जाते हैं। ऐसे में बिलिंग कराने की तरफ भी ध्यान नहीं दिया जाता। इसके चलते बी-टू-सी वाले बड़े कारोबारी प्रतिष्ठान आसानी से कर चोरी को अंजाम देते हैं। इस तरह की प्रवृत्ति पर राज्य सरकार की बिल लाओ इनाम पाओ जैसी योजना कारगर साबित हो सकती है। क्योंकि, ग्राहकों में बिल लेने की आदत बढ़ेगी तो कारोबारी भी कर चोरी नहीं कर पाएंगे।

# शैक्षिक भ्रमण पंतनगर पहुंचे सरकारी स्कूल के बच्चे

गदरपुर(उद संवाददा)। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर गदरपुर उधम सिंह नगर में अध्ययनरत कक्षा 9 के 70 छात्र छात्राओं का समग्र शिक्षा के अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण करवाया गया स भ्रमण में छात्र छात्राओं के 10 दल बनाकर उनका दल प्रभारी नियुक्त किया गया। भ्रमण हेतु छात्र छात्राओं के अभिभावकों को भ्रमण तिथि व समय भ्रमण का स्थान आदि की जानकारी देकर उनसे अनुबंध पत्र भी प्राप्त किया गया। छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण से प्राप्त ज्ञान एवं संबोधन को नोट करने के लिए एक पेड और पेन भी प्रदान किया गया स प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी द्वारा प्रातः हरी झंडी दिखाकर भ्रमण टीम को रवाना करवाया गया। शैक्षिक भ्रमण हेतु सर्वप्रथम टाटा मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड पंतनगर ले जाकर प्रीतम मोती लाल सीनियर मैनेजर द्वारा सभी का स्वागत करते हुए ट्रेनिंग डिवीजन लाया गया और टाटा मोटर्स ग्रुप तथा सीएसआर के अंतर्गत टाटा मोटर्स ग्रुप के विभिन्न क्षेत्रों के कार्यों के




बारे में विस्तार से जानकारियां दी गई स श्री तापस पराशर सीनियर मैनेजर द्वारा विभिन्न जानकारियां देकर छात्र छात्राओं को लाभान्वित किया गया। ऋतुराज नादर सीनियर मैनेजर द्वारा नवीन गाड़ियों की असेंबलिंग संबंधी अनेक जानकारियां छात्र छात्राओं को दी गई समस्त छात्र छात्राओं एवं स्टाफ को टाटा मोटर्स की तरफ से सूक्ष्म जलपान भी करवाया गया, तत्पश्चात भ्रमण टीम भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण पंतनगर पहुंची जहां प्रेम राज सिंह प्रबंधक अग्निशमन एवं साबिर अली डी ई ओ एयरपोर्ट डायरेक्टर ऑफिस पंतनगर द्वारा छात्र-छात्राओं की टीम को एयर ट्रेफिक कंट्रोल , प्लेन का संपूर्ण बॉडी सिस्टम और सुरक्षात्मक बातें बताकर बच्चों को प्लेन दिखाकर शैक्षिक भ्रमण के उद्देश्य को सफल किया गया स भ्रमण टीम अंत में गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर पहुंची वहां पर मार्गदर्शक टीम द्वारा जलपान करने के उपरांत डॉ. मोहन सिंह एवं डॉ अनूप सचान के निर्देशन में मत्स्य पालन, कुकुट पालन, डेयरी उद्योग ,पुस्तकालय आदि को भली भांति देखा समझा और अपनी डायरी में नोट किया गया, शैक्षिक भ्रमण की प्रभारी शोभा रानी द्वारा लगातार प्राप्त ज्ञान पर मार्गदर्शन किया गया एवं शैक्षिक भ्रमण की वीडियो और फोटोग्राफी करते हुए सहयोग किया गया। शैक्षिक भ्रमण में धर्मवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, राजकुमार जोशी, हिमांशु जोशी, मंजू जोशी के अलावा बच्चे मौजूद रहे।

# सफलता की इमारत में परोपकार की ईंटें लगायें

अंत में वही सफल होता है जो इस भागम भाग में भी दूसरों के बारे मे सोचने और उनका भला करने में नहीं चूकता है। बहुत समय पहले की बात है एक विख्यात ऋषि गुरूकल में बालकों को शिक्षा प्रदान किया करते थे उनके गुरूकुल में बड़े बड़े राजा महाराजाओं के पुत्रों से लेकर साधारण परिवार के लड़के भी शिक्षा ग्रहण करते थे वर्षों से शिक्षा प्राप्त कर रहे शिष्यों की शिक्षा पूर्ण हो चुकी थी और सभी शिष्य उत्साह के साथ अपने अपने घर जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी ऋषिवर की तेज आवाज सबके कानों में पड़ी। आप सभी मैदान में एकत्रित हो जायें। आदेश



सुनते ही शिष्यों ने ऐसा ही किया। ऋषिवर बोले प्रिय शिष्यों आज इस गुरूकुल में आपका अंतिम दिन है। घर जाने से पहले आप सभी एक दौड़ में हिस्सा लें और इसमें आपको कहीं कूदना है तो कहीं दौड़ना है और अंत में आप को एक अंधेरी सुरंग में से गुजरना होगा। सभी ने कहा हम तैयार हैं। दौड़ शुरू हुयी सभी तेजी से भागने लगे वे तमाम बाधाओं को पार करते हुए अंत तमें सुरंग के पास पहुंचे वहां बहुत अंधेरा था और उसमें जगह जगह नुकीले पत्थर भी पड़े थे जिनके चुभने पर असहनीय पीड़ा का अनुभव हो रहा था। खैर सभी ने जैसे तैसे दौड़ खत्म की और ऋष्िवर के समक्ष एकत्रित हुए। ऋषिवर ने कहा मैं देख रहा हूं कि कुछ लोगों ने दौड़ बहुत जल्दी पूरी कर ली और कुछ ने बहुत अधिक समय लिया ऐसा क्यों ? यह सुनकर एक शिष्य बोला गुरू जी हम सभी लगभग एक साथ ही दौड़ रहे थे लेकिन सुरंग में पहुंचते ही स्थिति बदल गयी कोई एक दूसरे को धक्का देकर आगे निकलने में लगा हुआ था तो कोई संभल संभल कर आगे बढ़ रहा था और कुछ तो ऐसे भी थे जो पैरों में चुभ रहे पत्थरों को उठाकर अपनी जेब में रख रहे थे ताकि बाद में आने वाले लोगों को पीड़ा न सहनी पड़े। इसलिए सबने अलग अलग समय में दौड़ पूरी की। ठीक है जिन लोगों ने पत्थर उठाये हैं वे आगे आयें और मुझे वे पत्थर दिखायें। ऋषिवर ने आदेश दिया। आदेश सुनते ही कुछ शिष्य आये और जेब से पत्थर निकालने लगे। पर यह क्या जिन्हें वे पत्थर समझ रहे थे दरअसल वे बहुमुल्य हीरे थे। सभी आश्चर्य में पड़ गये और ऋष्िवर की तरफ देखने लगे। मैं जानता हूं। आप लोग इन हीरों को देखकर आश्चर्य में पड़ गये हैं। ऋषिवर बोले दरअसल मैंने ही इन हीरों को सुरंग में डाला था और यह दूसरों के विषय मे सोचने वाले शिष्यों को मेरा ईनाम है। यह दौड़ जीवन की भगम भाग को दर्शाती है। जहां हर कोई कुछ न कुछ पाने के लिए भाग रहा है। पर अंत मे वही सबसे समृद्ध और सफल होता है जो इस भागम भाग में भी दूसरों के बारे मे सोचने और उनका भला करने से नहीं चूकता। ऋषिवर ने अपने शिष्यों को समझाया कि यहां से जाते जाते इस बात को गांठ बांध लीलिये कि आप अपने जीवन में सफलता की जो इमारत खड़ी करें उसमें परोपकार की ईंटें भी लगाना कभी न भूलें तभी हमारा जीवन सफल होगा।

**-नरेश कुमार सेठ, रूद्रपुर**

# खड़िया खान मालिक पर लगाया वायदे से मुकरने का आरोप

बागेश्वर(उद संवाददाता)। दोफाड़ के पपों के ग्रामीणों ने गांव में हो रहे खनन पर रोक लगाने की मांग की है। कहा है कि खान मालिक द्वारा गांव के रास्ते, पेयजल लाइन आदि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। साथ ही खान स्वीकृति से पूर्व हुए समझौते से मुकरने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि पपों गांव में खान है जिसके द्वारा लंबे समय से दिन व रात को जेसीबी के माध्यम से खनन किया जा रहा है। कहा कि क्षेत्र में अनुसूचित जाति के परिवार निवास करते हैं अवैध खनन से उनके आवासों को खतरा बना हुआ है। कई घरों में दरारें आ गई हैं। ग्रामीणों ने कहा कि गत वर्ष खान संचालक व एक अन्य के साथ गांव में आए थे तथा ग्रामीणों से कहा गया कि वे अनापत्ति दें तथा खनन का विरोध न करें जिसके एवज में उन्हें अलग से पक्का मकान बनाकर दिया जाएगा। इसके बाद उनके सादे पेपर में हस्ताक्षर किए गए परंतु अब तक उन्हें आवास नहीं मिला है जिससे उनके समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मुलाकात करके मांग की कि क्षेत्र में हो रहे खनन की जांच करके खान मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में हीरा राम, रमेश राम, राजन राम, दरवानराम, कैलाश टम्टा, तेजराम टम्टा, बच राम समेत ग्राम प्रधान बीना कालाकोटी के हस्ताक्षर हैं।




# मेरा नाम हैं आजादः चंद्रशेखर

आजाद एक ऐसा शब्द है जो महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के साथ जुड़ा है। इन्होंने अपनी पूरी जिंदगी को आजाद रखने का वचन था और उसे आखिरी सांस तक निभाया भी। ऐसे आजादी के महानायक, मां भारती के सच्चे उपासक जगदानी देवी-पंडित सीताराम तिवारी के सपूत चंद्रशेखर आजाद का अवतरण 23 जुलाई, 1906 को मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर हुआ था। आजाद का बचपन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्थित भाबरा गांव में बीता था। यहां पर आजाद ने भील बालकों के साथ खूब धनुष बाण चलाए थे। जिसके कारण उन्होंने निशानेबाजी बचपन में ही सीख ली थी। स्तुत्य, जलियांवाला बाग कांड के समय चन्द्रशेखर बनारस में पढ़ाई कर रहे थे। जब गांधीजी ने सन् 1921 में असहयोग आन्दोलन शुरू किया तो वे अपनी पढ़ाई छोड़कर सड़क पर उतर आए। इन्होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी की लड़ाई के लिए कुर्बान कर दिया। चंद्रशेखर बेहद कम्र उम्र में देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बने थे। जब सन् 1922 में चौरी चौरा की घटना के बाद गांधीजी ने अपना आंदोलन



वापस ले लिया तो आजाद का कांग्रेस से मोहभंग हो गया। इसके बाद वे पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल और शचीन्द्रनाथ सान्याल योगेश चन्द्र चटर्जी द्वारा 1924 में गठित हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए। इस एसोसिएशन के साथ जुड़ने के बाद चंद्रशेखर ने रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में काकोरी कांड 1925 में पहली बार सक्रिय रूप से भाग लिया। कालजयी, आजाद, भगत सिंह और राजगुरु ने मिलकर 17 दिसंबर, 1928 की शाम को लाहौर में पुलिस अधीक्षक जेपी सांडर्स को मार दिया। जब सांडर्स के अंगरक्षक ने उनका पीछा किया, तो चंद्रशेखर आजाद ने अपनी गोली से उसे भी समाप्त कर दिया। इस हत्याकांड के बाद लाहौर में जगह-जगह परचे चिपका दिए गए, जिन पर लिखा था- लाला लाजपतराय की मृत्यु का बदला ले लिया गया है। आजाद ने भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फांसी रुकवाने के लिए दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा था, लेकिन वहां से उन्हें कोरा जवाब मिल गया था। आजाद ने इन तीनों की सजा कम कराने का काफी प्रयास किया था। वे पण्डित नेहरू से भी आग्रह किए थे कि तीनों की फांसी को उम्रकैद में बदलवा दिया जाए, लेकिन सफलता नहीं मिली। मनमुग्ध, चंद्रशेखर को 'आजाद' नाम एक खास वजह से मिला। चंद्रशेखर जब 15 साल के थे तब उन्हें किसी केस में एक जज के सामने पेश किया गया। वहां पर जब जज ने उनका नाम पूछा तो उन्होंने ने कहा, 'मेरा नाम आजाद है, मेरे पिता का नाम स्वतंत्रता और मेरा घर जेल है'। जज ये सुनने के बाद भड़क गए और चंद्रशेखर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई, यही से उनका नाम आजाद पड़ गया। चंद्रशेखर पूरी जिंदगी अपने आप को आजाद रखना चाहते थे। अभिभूत आजाद का कहना था, देश की स्वतंत्रता के लिए विपत्तियों से युद्ध करना ही मेरा राष्ट्रधर्म है। अविनाशी, अंग्रेजों से लड़ाई करने के लिए चंद्रशेखर आजाद इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में सुखदेव और अपने एक अन्य साथियों के साथ बैठकर आगामी योजना बना रहे थे। इस बात की जानकारी अंग्रेजों को पहले से ही मिल गई थी। जिसके कारण अचानक अंग्रेज पुलिस ने उन पर हमला कर दिया। आजाद ने अपने साथियों को वहां से भगा दिया और अकेले अंग्रेजों से लोहा लगने लगे। इस लड़ाई में पुलिस की गोलियों से आजाद बुरी तरह घायल हो गए थे। वे सैकड़ों पुलिस वालों के सामने 20 मिनट तक लड़ते रहे थे। उन्होंने संकल्प लिया था कि वे न कभी पकड़े जाएंगे और न ब्रिटिश सरकार उन्हें फांसी दे सकेगी। इसीलिए अपने संकल्प को पूरा करने के लिए अपनी पिस्तौल की आखिरी गोली खुद को मार ली और मातृभूमि के लिए महज 24 बरस की अल्पायु में 27 फरवरी 1931 को प्राणों की आहुति दे दी। इतिहास के अमर पन्नों में दर्ज यह वीरगाथा सदा-सर्वदा प्रेरणापुंज रहेगी। वंदेमातरम!

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**
**पत्रकार,लेखक व स्तंभकार**





# यातायात पुलिस और चीता पुलिस कर्मियों को दिया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर यातायात पुलिस कर्मियों को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को मौके पर निर्देशित किया गया था निरीक्षक यातायात गणेश सिंह हरड़िया द्वारा पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा के सभागार में जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा के प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों द्वारा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार किया जायेगा। प्रशिक्षण में निरीक्षक





प्राथमिक उपचार प्रदान करने हेतु हेल्थ एक्सपर्ट के माध्यम से प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिलाने हेतु निरीक्षक यातायात गणेश सिंह हरड़िया को डा0 अखिलेश के माध्यम से जनपद के यातायात पुलिस कर्मियों को घायलों का प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिलाया गया।प्राथमिक उपचार का यातायात गणेश सिंह हरड़िया, उ0नि0 यातायात सुमित पाण्डे, कानि0 विनोद कुवंर, यातायात सेल सहित जनपद के यातायात पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सट्टे की खाईबाड़ी करता एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सट्टे की खाई बाड़ी करते एक सट्टेबाज को रम्पुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास नगद धनराशि के अलावा ऑनलाईन खाते में 95 हजार से अधिक की नगदी मिली है। रम्पुरा चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध काम करने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत चौकी पुलिस ने ुक्त अंकित पुत्र राजेंद्र निवासी रम्पुरा को सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से सट्टे की धनराशि नगद 1840 रुपए व मोबाइल फोन मे ऑनलाइन खाते मे 95518 रुपए मिले हैं। आरोपी के कब्जे से बरामद मोबाइल फोन को पुलिस ने कब्जे में लिया है।



# स्मैक तस्कर किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उप निरीक्षक अनिल कुमार चौकी प्रभारी आम्रपाली मुखानी, हैका.प्रेम सिंह व का. कुंदन सिंह द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान कमलुआगांजा रोड़ पर बच्ची नगर नम्बर एक जाने वाले मार्ग से संदिग्ध रूप से घूमते युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मोहित देवका पुत्र स्वर्गीय बच्ची सिंह देवका निवासी ग्राम बच्ची नगर –1मुखानी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 2.30 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने स्मैक कब्जे में लेकर मोहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पेज एक का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया..**गए सुझाव को स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि हम पूरी पारदर्शिता बनाए रखना चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने 10 फरवरी को कहा था कि अदाणी समूह के स्टॉक रूट की पृष्ठभूमि में भारतीय निवेशकों के हितों को बाजार की अस्थिरता के खिलाफ संरक्षित करने की आवश्यकता है और केंद्र से नियामक तंत्र को मजबूत करने के लिए एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में डोमेन विशेषज्ञों के एक पैनल की स्थापना पर विचार करने के लिए कहा। इस मुद्दे पर वकील एम एल शर्मा और विशाल तिवारी, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और कार्यकर्ता मुकेश कुमार ने अब तक शीर्ष अदालत में चार जनहित याचिकाएं दायर की हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा व्यापारिक समूह के खिलाफ धोखाधड़ी वाले लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई आरोपों के बाद अदाणी समूह के शेयरों ने शेयर बाजार पर दबाव डाला है। अदाणी समूह ने आरोपों को झूठ बताते हुए खारिज कर दिया है, यह कहते हुए कि यह सभी कानूनों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन करता है।

**पुलिसको चकमा..**बराबर में स्थित दीवार फांद कर फरार हो चुका था। घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया। कई टीमों को फरार हुए चवन्नी की तलाश में भेजा गया है। पुलिस अधिकारी दावा कर रहे हैं कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसएसपी अजय सिंह का कहना है कि लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हरिद्वार में एक सप्ताह में आरोपित के पुलिस कस्टडी से फरार होने की यह दूसरी घटना सामने आई है। राजस्थान पुलिस की कस्टडी से भी पांच दिन पहले हरकी पैड़ी क्षेत्र में एक आरोपित शौचालय की खिड़की के रास्ते भाग निकला था। उसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

**सीएम ने पैदल..**और उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके बाद वे नागनाथ वार्ड होते हुए निकले जहां उन्होंने पानी भर रही महिला से बताचीत कर पेयजल की स्थिति के बारे में जाना। महिलाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि क्षेत्र में पानी नियमित आ रहा है। मुख्य बाजार होते हुए सीएम धामी गोरलचोड़ मैदान पहुंचे। मुख्य बाजार में उन्होंने दुकान स्वामियों से भी बात कर उनका हाल चाल जाना। गौरलचौड़ मैदान पंहुचकर मुख्यमंत्री ने यहां विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की प्रैक्टिस कर रहे युवाओं से मुलाकात की। युवाओं का हौसला बढ़ाने के साथ ही सीएम ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**आपत्तिजनक पोस्ट से ..**की गई हैं। अत: आरोपी महिला के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें एवं यथाशीघ्र गिरफ्तारी कर जेल भेजने की कृपा करें। अन्यथा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में सुल्तान सिंह, वीरेंद्र यादव, जोगेंद्र सिंह चौहान, हैप्पी चौहान, सुधीर देओल, पुलक सरकार, अजय अग्रवाल, मनीष रघुवंशी, मुकेश चौहान , मनीष कश्यप, दीपक कश्यप, अंकित सिंह, सागर सिंह, डॉक्टर मणिशंकर, सुधाकर द्विवेदी, प्रवेश सिंह, शिव शंकर गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

**डाक पार्सल वाहन में..**उसने बताया कि वह होली त्योहार के दृष्टिगत पंजाब से सस्ते दामों में शराब खरीदकर हल्दवानी में डिलीवरी देने आया था जिसे माल देना था उसका नाम पता हल्दवानी में पहुंचकर बताने को कहा गया। तब तक पुलिस ने खेड़ा चौराहे के पास पकड़ लिया। एसएसपी पंकज भट्ट ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि डाक पार्सल के चालक को रोककर पूछताछ किया गया तो चालक द्वारा वाहन में पार्सल से सम्बन्धित सामान होने की बात कही गई। पार्सल सम्बन्धित कागजात मांगे जाने पर चालक नहीं दिखा सका। ऐसे में शक होने पर वाहन को चौक कर वाहन के डाले को खोल कर देखा तो वाहन के अन्दर गत्ते की 62 पेटियों में 1202 बोतल विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

**विवाहिता की संदिग्ध...**की माँग करते रहें और दहेज न देने पर जान से मारने की धमकी देने लगें। कमल का कहना है करीब 10–15 दिन पहले भी उसकी बहन ने फोन पर बताया कि उसके ससुराल वाले दहेज की माँग कर प्रताडित कर रहें है और दहेज न मिलने पर जान से मारने की योचना बना रहे है और मायके वालो से भी बात करने मना कर रहे है। 21 फरवरी को साय संजय ने उसे फोन पर बताया कि प्रियंका मृत्यु हो गयी। कमल का आरोप है प्रियंका के ससुराल वालो ने दहेज के लिए उसकी बहन की हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**गोमांस की सूचना...**सप्ताह रामजीवन पुर में गोवंश स्क्वायड की टीम ने प्रतिबंधित पशु का लगभग 7 कुंटल मांस बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि मुख्य अभियुक्त अभी भी फरार चल रहा है जिसके लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पारदर्शिता,निष्पक्षता से नकलविहीन सम्पन्न होंगी भर्ती परीक्षाएं:सीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को राधा स्वामी सत्संग व्यास पहुॅचकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों एवं विद्यार्थियों द्वारा आयोजित हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओ में पारदर्शिता एवं सुचिता को सुनिश्चित कराने के लिए राज्य में नकल विरोधी कानून लाने पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों एवं विद्यार्थियों ने राधा स्वामी सत्संग व्यास पहुॅचकर बड़ी संख्या में पहुॅचकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हस्ताक्षर अभियान में शामिल होते हुए '' सभी प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओ, भाईयो-बहनो, मैं कहना चाहता हूॅ कि सभी परीक्षाएं नकलविहीन होंगी, पारदर्शिता के साथ होंगी, आप अपनी परीक्षाओं की तैयारियां करें, हमारे भाई-बहनों का समय भी खराब नहीं होगा, भर्तियां कैलेण्डर के अनुसार होंगी'' लिखकर अपने हस्ताक्षर किये।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में भर्ती घोटाले नासूर एवं कैंसर की तरह फैल रहा था, जिसकी सरजरी करना बहुत जरूरी था। श्री धामी ने कहा कि इस बार कुछ छात्र-छात्रा द्वारा वीपीडीओ भर्ती परीक्षा में भी पेपर लीक होने की आशंका जताई गई थी, जिस जांच कराने पर प्रारम्भिक रूप से ये लगने लगा कि इस परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। उन्होने कहा तभी से हमने तय किया कि यही नही हम पुरानी सभी भर्तियों की जांच करायेगें और हमने जांच का निर्णय लिया जिसमें जांच करने पर इस अपराध में जो संलिप्त थे वो 60 से भी ज्यादा लोग जेल जा चुके है जो कि वो अब न्यायालय के अधीन है।, अब न्यायालय उन पर विचार करेगा। उन्होंने कहा कि लेकिन ये सिलसिला यही ं पर नही रूकने वाला नहीं है क्योंकि एक एक नासूर की तरह बन चुका था। इसको हमने जड़ से खत्म करने के लिए भारतवर्ष का सबसे सख्त कानून है जिसमें नकल कराने वाले व्यक्ति के लिए उम्र कैद तक का भी प्रावधान करने के साथ ही सारी सम्पत्ति जब्त करने का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्थी नकल करने में एक बार पकड़ा गया तो 03 साल तक अगर वह इसमें फिर से संलिप्त पाया जाता है तो अगले 10 वर्षो तक वह किसी परीक्षा में भाग नही ले सकता है और पूरे देश का सर्वाधिक सख्त कानून है। उन्होने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, उनके भविष्य से कोई खिलवाड़ न करें, उनकी उम्मीदों को ना तोडे, इन सभी बातों पर गहनता से विचार करते हुए हमने ये नकल विरोधी सख्त कानून बनाया। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं का केलेण्डर जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भर्तियां पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता से नकलविहीन सम्पन्न होंगी, जिससे पात्र व्यक्तियों का चयन होगा। उन्होने बधाई देते हुए कहा पिछले दिनों सम्पन्न हुई पटवारी एवं लेखपाल भर्ती परीक्षा में एक लाख तीन हजार अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनके आने-जाने हेतु मुफ्त यात्रा सुविधा दी गई थी। उन्होंने कहा कि पीसीएस की शुरू हो रही मुख्य परीक्षओं में भी उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की है। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, सहित आईजी नीलेश आनन्द भरणे, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, कौस्तुभ मिश्रा, सहित अमित नारंग, भारत भूषण चुघ, सुरेश कोली सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।







# मुख्य शिक्षा अधिकारी के आदेश पर कांग्रेस हुई हमलावर

## सरकारी अमला बन चुका है बीजेपी के हाथों की कठपुतली : गरिमा दसौनी

देहरादून(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने 9 विद्यालयों के प्रधानाचार्य को शासकीय पत्र भेजकर कक्षा 9 और कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं को एबीवीपी के होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आदेश जारी कर दिए। मामले के सामने आने का बाद कांग्रेस लगातार बीजेपी पर हमलावर हो रही है। पूरे मामले पर कड़ा हमला बोलते हुए उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन करने पर उतारू हो गई है । भाजपा को अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है। एक तरफ तो भारतीय जनता पार्टी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में बच्चों के इस्तेमाल का अनर्गल आरोप लगाती है। वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में अल्मोड़ा जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी सरकारी पत्र जारी करते हुए 9 सरकारी विद्यालयों के प्रधानाचार्य को आदेश देते हुए देखे जा रहे हैं। जिसमें कक्षा 9 और 11 के मासूम बच्चों को भीड़ बढ़ाने के लिए एबीवीपी के कार्यक्रम में जबरन भेजे जाने की बात कही गई है। बच्चों को एबीवीपी के कार्यक्रम में शामिल होने वाले आदेश के सामने आने के बाद कांग्रेस की बीजेपी पर हमला बोल रही है। गरिमा दसौनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्तर दिन पर दिन गिरता चला जा रहा है। अपने कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए और भीड़ बढ़ाने के लिए अध्ययनरत छात्र- छात्राओं का इस्तेमाल निश्चित तौर पर निंदनीय है। मुख्य शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा के इस कृत्य की भर्त्सना करते हुए गरिमा दसौनी ने कहा कि आज पूरा सरकारी अमला किस तरह से भारतीय जनता पार्टी के हाथों की कठपुतली बन चुका है। इसके साथ ही कांग्रेस का कहना है कि उक्त प्रकरण अत्यंत शर्मनाक है। जिसकी शिकायत करते हुए मुख्य सचिव को उत्तराखंड कांग्रेस द्वारा ज्ञापन दिया जा रहा है। इस की एक प्रति महामहिम राज्यपाल को प्रेषित की जा रही है। संज्ञान में यह आया है की मुख्य शिक्षा अधिकारी का तबादला कर दिया गया है और भाजयुमो का कार्यक्रम भी 16 फरवरी को संपन्न हो चुका है परंतु सवाल यह है कि मुख्य अधिकारी का तबादला करना ही उनके इस कृत्य की माफी है? और क्या इतने संगीन अपराध की इतनी सजा काफी है? दसौनी ने इस मामले में मुख्यमंत्री से अपेक्षा की कि वह तुरंत मामले का संज्ञान लें। इसके साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द मुख्य शिक्षा अधिकारी को पद मुक्त करने की मांग की है।



# सीएम ने गोल्ज्यू मंदिर में की पूजा-अर्चना

चम्पावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार सायं चम्पावत स्थित गोल्ज्यू मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर से जुड़े लोगों के साथ ही उपस्थित बच्चों एवं बुजुर्गों आदि से भी बातचीत की तथा क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी प्राप्त की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के सहयोग से प्रदेश के सभी क्षेत्रों के विकास के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। जन समस्याओं का त्वरित निराकरण हो, इसके लिए शासन से लेकर ब्लॉक स्तर तक सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

# द्वाराहाट पुलिस ने पेश की मानवता की मिसाल

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर पुलिस ने एक बार फिर मानता की मिसाल पेश की। द्वाराहाट पुलिस ने बिमार वृद्धा को पालकी से उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार द्वाराहाट बग्वालीपोखर क्षेत्र के ग्राम डोटलगांव में एक 80 वर्षीय वृद्ध महिला जयन्ती देवी अकेली रहती हैं। उन्हें गिरने से चोट लगी थी जिस कारण वह चल-फिरने में असमर्थ थी। जिनकी देखभाल के लिए कोई नही था। एसएसपी द्वारा मानवता दिखाते हुए तत्काल थानाध्यक्ष द्वाराहाट निरीक्षक अजय लाल साह को उक्त महिला के घर पुलिस टीम भेजकर उनको उपचार के लिए अस्पताल लाने हेतु निर्देशित किया। जिस पर पुलिस टीम मानवता के एक और पुनीत कार्य पर रवाना हुई। थानाध्यक्ष द्वाराहाट निरीक्षक अजय लाल साह ने त्वरित कार्यवाही करते हुए चौकी बग्वालीपोखर में नियुक्त हेड कानि0 चन्द्रप्रकाश, कानि0 सुन्दर सिंह व कानि0 नन्दकिशोर को निजी वाहन से बुजुर्ग महिला जयन्ती देवी को अस्पताल लाने हेतु उनके घर ग्राम डोटलगांव भेजा। पुलिस कर्मियों ने महिला के सम्बन्ध में पूछताछ की तो पता चला कि उनका घर चौकी बग्वालीपोखर से 8 किमी0 आगे तथा सड़क से 1.5 किमी ऊपर पैदल मार्ग पर था। पुलिस टीम उक्त सफर तय कर बुजुर्ग महिला के घर पहुँची जहाँ उक्त महिला अपने घर पर मौजूद थी और उनके सिर, चेहरे और पांव में गिरने से लगी चोटों के काफी गहरे घाव बने हुए थे, उनका उपचार ना होने के कारण इंफेक्शन हो रहा था और हाथ में सूजन आई थी। वह चलने फिरने की असमर्थ थी। पुलिस टीम द्वारा बुजुर्ग महिला को गांव के संकरे पैदल रास्तों से गोद में उठाकर सड़क मार्ग तक लाया गया तथा सड़क मार्ग से अपनी गाड़ी में बैठाकर उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वाराहाट लाकर अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष द्वाराहाट ने बुजुर्ग महिला के लिए कपड़े खरीदे। एसएसपी के निर्देश पर द्वाराहाट पुलिस उपचार के दौरान निस्वार्थ भाव से कर रही है। एसएसपी खुद रोजाना महिला की हालत की जानकारी ले रहे हैं।



# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के गोपाल श्रीवास्तव बने जिलाध्यक्ष

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी व चिकित्सक डा. गोपाल श्रीवास्तव को अहिप के प्रदेश अध्यक्ष के डा. आर के महाजन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल व अन्य विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा वार्ड नं 1 स्थित एक गेस्ट हाउस में माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर डा. महाजन ने कहा कि गोपाल श्रीवास्तव का



परिवार क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखता है तथा प्रारम्भ से ही हिन्दूवादी विचार से जुड़ा हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरचरण चन्ना व संचालन मुकेश फौगाट द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. आर के महाजन,सागर सिंह, डा.अजय श्रीवास्तव,सुनील पाहवा,डा.राजकुमार श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव,बलवन्त सिंह, अमित ढ़ीगरा,अर्जुन रावत, अमित रावत,किशोर मेलकानी अन्नू गंगवार,अजय रावत,गोपाल कश्यप, अभिषेक,बलविंदर कम्बोज व दीन दयाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीमा निगम ने प्रतिभावान छात्राओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थानीय शाखा द्वारा आज ट्रांजिट कैंप स्थित राजकीय कन्या उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में एक समारोह आयोजित कर शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ छात्रा ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनमे कक्षा आठ की छात्रा लक्ष्मी गंगवार, कक्षा सात की छात्रा गुनगुन तथा कक्षा छह की छात्रा मानसी शामिल हैं। बीमा निगम के शाखा प्रबंधक अजय कुमार ने कहा कि बीमा निगम बालिकाओं को शिक्षा क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा कार्य करता रहा है। उन्होंने सभी छात्राओं से कड़ी मेहनत कर शिक्षा क्षेत्र में इस विद्यालय का नाम रोशन कने का आव्हान किया। शाखा उप प्रबंधक योगेंद्र मेहरा ने सभी छात्राओं को आर्शीवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका श्रीमती मंजू बिष्ट ने सभी अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंडी समिति चेयरमैन केके दास, सहायक अध्यापिका श्रीमती सुमिता बिष्ट, श्रीमती सविता जीवन राय, श्रीमती विनय भा पाठक, श्रीमती बिमला तिवारी, कमलेश शर्मा आदि मौजूद थे।




# बीमारी से तंग युवक फांसी पर झूला

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुखानी थानांतर्गत लंबी बीमारी से जूझ रहे एक युवक ने फांसी के फंदे में झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मुखानी थाना क्षेत्र के कमलुवागांजा में रहने वाला 30 वर्षीय कुंदन सिंह अधिकारी पुत्र मोहन सिंह अधिकारी ने बीती शाम अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब उसे फांसी पर झूलते हुए देखा तो उसके होश उड़ गए और चिल्लाने आवाज सुनकर मौके पर मोहल्ले वाले एकत्र हो गए। लोगों ने उसे फांसी से नीचे उतारा। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि कुंदन पिछले काफी समय से बीमार चल रहा था और बीमारी के चलते वह काम भी नहीं कर पा रहा था। ऐसे में वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। घटना के बाद से कुंदन के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।